तापमान

अधिकतम 39.8 डिग्री

न्यूनतम 25.5 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, सोमवार 14 अप्रैल 2025



14 निस्तारी का ऐसा संकट... तालाब-एनीकट भरने 20 बांधों...



14 व्यापम को अर्जी मिली 37 हजार आए 15% यूपीएससी...




# विनती है... पहली बार बोर्ड दिला रहे हैं पास कर दीजिए, डर के कारण लिख नहीं पा रही हूं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सर! पूरे साल पढ़ाई नहीं कर पाया हूं, पहली बार बोर्ड परीक्षा दिला रहा हूं, डर लग रहा है, डर के कारण कुछ लिख नहीं पा रही हूं, आपसे विनती है कि पास कर दीजिए... इस तरह के संदेश 5वीं-8वीं की उत्तरपुस्तिकाएं जांच रहे शिक्षकों को उत्तरपुस्तिका में मिल रहे हैं। 10वीं-12वीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन जहां माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है तो वहीं 5वीं-8वीं की कॉपियों का मूल्यांकन भी जिला स्तर पर हो रहा है। हाईस्कूल और हायर सेकंडरी के विद्यार्थियों ने इस बार इमोशनल नोट्स से तौबा कर ली है। वे मूल्यांकनकर्ता शिक्षकों के लिए किसी भी तरह का इमोशनल नोट्स नहीं छोड़ रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ 5वीं-8वीं के विद्यार्थी थोक में शिक्षकों के लिए संदेश लिखकर रहे हैं।

मजे की बात यह है कि इस तरह के संदेश लिखने में लड़कियां भी पीछे नहीं हैं। 5वीं-8वीं के छात्रों की उम्र शादी अथवा नौकरी की नहीं होती है, इसलिए वे इस तरह का बहाना नहीं बना रहे हैं। इसके स्थान पर सालभर पढ़ाई नहीं होने, डर लगने या मूल्यांकनकर्ता का भला होने की दुआ करते हुए भगवान का हवाला दे रहे हैं। बच्चों के इन संदेशों को पढ़कर कॉपियां जांच रहे शिक्षक भी मुस्कुरा रहे हैं। छात्रों को पृथक उत्तरपुस्तिकाएं प्रदान नहीं गई थी। प्रश्नपत्र में ही उत्तर के लिए जगह निर्धारित करते हुए स्थान छोड़ा गया था, जिसे भरकर जमा किया जाना था। इसके बाद भी छात्रों ने संदेश लिखने के लिए जगह बना ही लिए।

अलग खबर

## 2011 के बाद पहली बार आयोजित की गई है 5वीं-8वीं की बोर्ड परीक्षा

### लिखावट खराब

रायपुर के छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएं शहीद स्मारक विद्यालय और आरंग के शासकीय विद्यालय में जांची जा रही हैं। गौरतलब है पांचवी-आठवीं बोर्ड परीक्षा की व्यवस्था 2011 में समाप्त कर दी गई थी। इसके बाद से आठवीं कक्षा तक किसी भी छात्र को फेल नहीं किया जा रहा था। इस व्यवस्था से पढ़ाई के स्तर में आए गिरावट को देखते हुए पुनः बोर्ड परीक्षाओं का सिस्टम शुरू किया गया। उत्तरपुस्तिकाएं जांच रहे शिक्षकों का कहना है कि छात्रों की लिखावट बहुत खराब है। बच्चों ने क्या लिखा है, यह समझने में ही आधा वक्त निकल जा रहा है।

- अर्से से परीक्षा ना होने के कारण बच्चों की हैंडराइटिंग खराब, अक्षर समझने में लग रहा वक्त



फाइल फोटो

### परिणाम 30 को

दोनों ही कक्षाओं के परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल को विद्यालय स्तर पर जारी किए जाएंगे। पांचवी कक्षा का मूल्यांकन कार्य 30 मार्च से प्रारंभ किया जाएगा, जबकि आठवीं कक्षा का मूल्यांकन 4 अप्रैल से शुरू होगा। पांचवी कक्षा में शासकीय विद्यालयों के लिए 19 हजार 567 छात्रों का पंजीयन हुआ था, जबकि आठवीं कक्षा के लिए सरकारी स्कूलों के 23 हजार 666 छात्रों का पंजीयन किया गया था। इनके अतिरिक्त कुछ निजी विद्यालयों के छात्र भी शासन द्वारा आयोजित इस केंद्रीकृत परीक्षा में शामिल हुए थे।

## खबर संक्षेप

### दस वाहन चालकों के खिलाफ ड्रंक एंड ड्राइव का मामला

**रायपुर।** ट्रैफिक तथा पुलिस की टीम शनिवार देर रात अभियान चलाकर नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस तथा ट्रैफिक की टीम द्वारा शहर के श्रीराम मंदिर के पास, फुण्डहर चौक एवं एयरपोर्ट टर्निंग, नवा रायपुर में बेरिकेडिंग कर 10 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई, प्रकरण निराकरण के लिए कोर्ट भेजा गया। सभी वाहन चालकों का लाइसेंस भी निलंबन के लिए परिवहन कार्यालय भेजने की कार्रवाई ट्रैफिक पुलिस कर रही है।

### पौने दो लाख की हेरोइन चिट्टा के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर।** आमानाका पुलिस ने पौने दो लाख रुपए के 14 ग्राम से ज्यादा हेरोइन चिट्टा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। हेरोइन चिट्टा के साथ पुलिस ने टिकरापारा निवासी मो. सोहेल तथा राजेंद्र नगर निवासी तन्मय गोईंदी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को केडिया बिजनेस पार्क के पास ट्रेस कर पकड़ा।



## गुढ़ियारी में गुलमोहर पार्क स्थित बीएसयूपी कॉलोनी की घटना

# ऐसी लापरवाही, टैंक खोदकर छोड़ दिया, तीन बच्चे गिरे, एक की मौत, दो को बचाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम की लापरवाही की वजह से दो अलग-अलग घटनाओं में चार बच्चे सिवरेज टैंक में गिर गए। इनमें से एक बच्चे की डूबने से मौत हो गई। घटना शनिवार तथा रविवार की है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने नारेबाजी करने के साथ जमकर प्रदर्शन किया। गड्ढा खोदकर छोड़ने वाले जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए स्थानीय रहवासियों ने मुआवजा देने की मांग की है।

गुढ़ियारी के गुलमोहर पार्क स्थित बीएसयूपी कॉलोनी में रविवार देर शाम छह बजे के करीब तीन बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान बच्चे खोदे गए सैप्टिक टैंक के पानी भरे गड्ढे के पास पहुंच गए। पांच से सात साल के ये बच्चे खेलते हुए सैप्टिक टैंक के गड्ढे में गिर गए। इस दौरान आसपास के लोगों ने बच्चों को गड्ढे में देखा, इसके बाद उन्हें तत्काल बचाने में जुट गए। रेस्क्यू में दो बच्चों को बचाया जा सका, तीसरे बच्चे सात साल के दिव्यांश कुमार की मौत हो गई।

### घटना सीसीटीवी में कैद

छत्तीसगढ़ नगर में तीन साल के मासूम के गड्ढे में गिरने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, जिसमें बच्चा टहलते हुए गड्ढे के पास पहुंचता है और गड्ढे में गिर जाता है, उसी दौरान मौके से गुजर रहा बाइक चालक बच्चे को गड्ढे में गिरते हुए देख लेता है और वह अपनी बाइक रोक बच्चे को गड्ढे से बाहर निकालता है, तब तक और लोग मौके पर पहुंच जाते हैं। ⏭शेष पेज 13 पर



घायल मृतक



- एक अन्य घटना में भी नगर निगम द्वारा खोदे गए गड्ढे में तीन साल का बच्चा गिरा

### एक और मासूम लापरवाही का शिकार

एक अन्य घटना में एक तीन साल का मासूम निगम की लापरवाही का शिकार हो गया। शनिवार को छत्तीसगढ़ नगर के शीतला मंदिर के पास एक माह पूर्व गंदे पानी के निकासी के लिए खोदे गए गड्ढे में द्रोण साहू का तीन साल का ⏭शेष पेज 13 पर

### टैंक इतना गहरा कि बड़े भी डूब जाएं

बीएसयूपी कॉलोनी में जहां सैप्टिक टैंक खुला हुआ है, वहां अंधेरा रहता है। टैंक की गहराई 12 से 15 तथा चौड़ाई आठ फीट के करीब है। ऐसे में जिस टैंक में गिरकर बच्चे की मौत हुई है, उस टैंक में कोई व्यस्क आदमी के ⏭शेष पेज 13 पर

### अस्पताल ले जाने पर मिली मौत की जानकारी

स्थानीय रहवासियों ने मशक्कत के बाद तीनों बच्चों को सैप्टिक टैंक के गड्ढे से बाहर निकाला। निकाले गए दो बच्चों के पेट दबाकर पानी निकाला गया। दिव्यांश के होश नहीं आने पर उसके परिजन अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने दिव्यांश को मृत घोषित कर दिया। दिव्यांश की मौत की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय रहवासी आक्रोशित हो गए और हजारों की संख्या में मौके पर पहुंचकर प्रदर्शन तथा नारेबाजी करने लगे। स्थानीय रहवासी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

### मृतक के परिजनों को चार लाख मुआवजा

दिव्यांश कुमार तांडी के परिजनों को चार लाख मुआवजा देने की घोषणा मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने की है। बताया जा रहा है कि सैप्टिक टैंक में गिरे तीन बच्चों में से एक की हालत गंभीर है, जिसका एक निजी अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक पर धोखाधड़ी का आरोप

# दूसरे की जमीन को बंधक बताकर कर दी नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक प्रबंधन द्वारा किसी दूसरे की जमीन को बंधक बताकर बिक्री करने का मामला सामने आया है। कोर्ट के निर्देश पर बैंक प्रबंधन से जुड़े अफसरों के खिलाफ डीडीनगर पुलिस ने आईपीसी की धारा 420,467,468,471, 34, 120बी के तहत अपराध दर्ज किया है।




*कोर्ट के आदेश पर बैंक प्रबंधन के अफसरों पर ठगी का अपराध दर्ज*

नवनीत चौरसिया ने भूपेश कुमार बंसल की जेएमएफसी कोर्ट में परिवाद दायर किया था। नवनीत ने कोर्ट को बताया कि संबंधित बैंक ने समाचार पत्र में दो जमीनें की ई-नीलामी करने विज्ञापन जारी किया था। उसने नीलामी में दोनों जमीनें 5 लाख 52 हजार रुपए में खरीद लीं और बैंक में रुपए जमा करा दिए। नवनीत ने मौके पर जाकर अपने जमीन के बारे में जानकारी जुटाई तो उसे मौके पर जमीन नहीं मिली। नवनीत ने 28 फरवरी 2023 को बैंक में एक एग्रीमेंट भी किया था, लेकिन जमीन के कब्जेदार और राजस्व रिकॉर्ड में अन्य लोगों के नाम सामने आए।

### बैंक ने दस्तावेज देने से किया इंकार

जमीन नहीं मिलने के बाद नवनीत ने बैंक प्रबंधन से संपर्क कर अपनी जमीन के बारे में जानकारी जुटाई और दस्तावेज की मांग की। इस मामले में बैंक प्रबंधन के खिलाफ नवनीत ने दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने तथा गुमराह करने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर डीडीनगर पुलिस ने बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ऋण वसूली प्रभाग अधिकारी, स्वप्निल पाण्डेय, विनय सोनी समेत अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

# नहीं हुई मेडिकल इमरजेंसी इसलिए तीन लाख आबादी 'आयुष्मान' से दूर कार्ड बनाने नहीं ले रही दिलचस्पी





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में राशनकार्डधारी परिवार की संख्या करीब 6 लाख है। इसमें शामिल प्रत्येक सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनाना है, स्वास्थ्य विभाग की टीम को काफी हद तक सफलता मिल चुकी है इसके बाद भी करीब तीन लाख लोग इस पर दिलचस्पी नहीं दिखा है। योजना के तहत शत-प्रतिशत लोगों को हितग्राही बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग का अमला काफी गंभीर है और इसके लिए नियमित रूप से समीक्षा का दौर चल रहा है। इसके लिए स्वंय जिला पंचायत के सीईओ दिलचस्पी दिखा रहे हैं। प्रतिदिन योजना से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर विभागीय अमले को कार्ड बनाने का लक्ष्य शत प्रतिशत पूरा करने पर जोर दे रहे हैं। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि 95 फीसदी से ज्यादा लोगों ने अपना कार्ड बना लिया है। जिनके कार्ड अब तक नहीं बन पाए हैं उसमें ज्यादातर लोग ऐसे हैं जो कार्ड बनवाने में स्वंय दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं इसका मुख्य कारण मेडिकल इमरजेंसी का नहीं होना है इसके अलावा कार्ड बनाने वाले केंद्रों तक पहुंचने में विभिन्न कारणों से उनकी व्यवस्तता को भी माना जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न शिविर के साथ अस्पतालों और च्वाइस सेंटरों में कार्ड बनाने की सुविधा दी जा रही है। मोबाइल पर भी कुछ प्रक्रियाओं को पूरा कर स्वंय आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा भी प्रदान की गई है।

- अस्पताल, च्वाइस सेंटर के साथ मोबाइल पर स्वयं कार्ड बनाने की सुविधा फिर भी लोग पीछे

### 50 हजार से 5 लाख की सुविधा

वर्तमान में एपीएल राशन कार्डधारियों को 50 हजार तथा बीपीएल कार्डधारकों को 5 लाख तक उपचार की सुविधा दी जाती है। इसके साथ ही हाल ही में 70 साल से अधिक आयु वाले लोगों को वय वंदना योजना के तहत 5 लाख तक के व्यक्तिगत उपचार की सुविधा दी जा रही है। जानकारी के अभाव में सीनियर सिटीजन द्वारा भी यह कार्ड बनाने के लिए सामने नहीं आ रहे हैं।

### लगातार प्रयास जारी

आयुष्मान कार्ड बनाने के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। कार्ड बनाने विभिन्न स्थानों पर सुविधाएं दी जा रही है।
-डॉ. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ

# नौकरी के लिए यूके भेजने के नाम पर 19 लाख की ठगी

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में आधा दर्जन लोगों ने एक होटल के कुक के खिलाफ लंदन में नौकरी लगवाने तथा लंदन भेजने वीजा बनवाने के नाम पर 19 लाख रुपए ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। समीर भीलवार सहित छह लोगों ने विवेक सिंह ठाकुर के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। समीर ने पुलिस को बताया कि वह तथा अन्य पांच गौरव गार्डन में काम करते थे। वहां शेफ का काम करने वाले विवेक ने लंदन में नौकरी करने पर ज्यादा पैसे मिलने का झांसा देकर उन्हें विदेश भेजने तथा वहां जाने वीजा बनवाने का झांसा देकर दो वर्ष पूर्व किस्तों में पैसे ले लिए और नौकरी छोड़कर भाग गया।




## मौसम तीन तंत्रिकाओं से प्रभावित


# शाम होते ही तेज हवाओं ने दिलाई राहत, कई इलाकों में बूंदाबांदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दिन में तेज धूप के बाद शाम होते ही तेज हवाओं ने गर्मी से राहत दिलाई। कमल विहार सहित कई इलाकों में बूंदाबांदी भी हुई। मौसम में हुए बदलाव की वजह से रात को थोड़ी राहत मिली। मौसम को प्रभावित करने वाली तीन तंत्रिकाओं की वजह से दो दिन भारी गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त हो चुका है, मगर पूर्व मध्यप्रदेश के ऊपर चक्रवाती घेरा, बिहार से ओडिशा तथा मध्यप्रदेश से तेलंगाना के बीच दो द्रोणिका सक्रिय है। इसके असर से राज्य के मौसस में बदलाव होने की उम्मीद है। रविवार को दोपहर बाद ऐसी स्थिति बनी और बस्तर के कुछ इलाकों में हल्की बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई। राजधानी में दोपहर का अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री दर्ज किया गया।

शाम होने के बाद मौसम में मामूली बदलाव हुआ और हवा की रफ्तार बढ़ने से मौसम में हल्की ठंडक आई। हालांकि इसका प्रभाव बहुत समय तक नहीं रहा, मगर रात के न्यूनतम तापमान में इससे राहत मिली। अगले चौबीस घंटे में प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।




हरिभूमि पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411


### चार वाहन चोर गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में सक्रिय दोपहिया वाहन चोर गिरोह के चार शातिरों को गिरफ्तार किया है और आठ दोपहिया जब्त किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में एक नाबालिग शामिल है। वाहन चोरी के आरोप में पवन चंद्राकर, हिमांशु जगत, साहिल मरावी तथा एक अन्य नाबालिग को पकड़ा है।


स्थानांतरण




समस्त स्नेहीजनों, ग्राहकों के लिए सूचनार्थ...

कोतवाली चौक स्थित हमारा ज्वेलरी शोरूम नवनीकरण कार्य के चलते 15 (पन्द्रह) दुकानों की दूरी पर अस्थाई रूप से रायपुर मेडिकल के सामने, सदर बाजार में स्थानांतरित हो गई है।

हमारा नया पता

ज्वेलर्स

अनोपचंद भंसाली

SINCE 1945

रायपुर मेडिकल के सामने, सदर बाजार, रायपुर

9425233333, 8815188151, 0771-2996802, 2555535

आपके निरंतर सहयोग के लिए आभारी हैं।

## खबर संक्षेप



### लखोली में धूमधाम से मनाई हनुमान जयंती

**आरंग।** विवेकानन्द विद्या मंदिर लखौली में हनुमान जयंती मनाया गया। इस उत्सव में विद्यालय के सभी विद्यार्थी भाग लेकर हनुमान चालीसा का पाठ किए। उसके पश्चात खीर पुडी.एवं फल का हनुमान जी को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इस जयंती में विद्यालय के सचिव ब्रम्हचारी नन्दकुमार महाराज, विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमलता साहू, ममता जलक्षत्री, नन्दनी यादव, संध्या साहू, खुशबू साहू, कुन्ती यादव, गंगा बंजारे, खोमन साहू, पालसिंह चौहान, पी.एल. साहू, उत्तम चन्द्राकर, दिनेश चन्द्राकर, घनश्याम साहू, हृदय धीवर आदि उपस्थित थे।

### नर्मदेश्वर पंचमुखी हनुमान में किया सुंदरकांड का पाठ



**आरंग।** डीडी कालोनी के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में पंचमुखी हनुमान जी के जन्मोत्सव पर सुंदरकांड पाठ समिति के महिलाओं ने आज सुंदरकांड का सामूहिक पाठ व हनुमान चालीसा का पाठन की। समिति के सदस्यों में सीमा दुबे, शिखा चंद्राकर, मंजू साहु, नमिता चंद्राकर रितिका मिश्रा, राजेश्वरी साहू, गायत्री गुप्ता, राधा देवांगन, परमेश्वर चंद्राकर उपस्थित रहे।

### बहना काड़ी में कवि सम्मेलन आज

**मंदिर हसौद।** बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को ग्राम बहाना काड़ी में कवि सम्मेलन का आयोजन होगा जिसका शाम 6:00 बजे शुभारंभ होगा।

### धमनी श्रीराम मंदिर में आज होगा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**आरंग।** ग्राम पंचायत धमनी में 14 अप्रेल को धीवर समाज एवं ग्रामवासियो की सयुक्त तत्वाधान में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरु खुशवन्त साहेब विधायक आरंग होंगे।प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व रविवार को शाम 4 बजे कलश यात्रा निकाली गई जहा बड़ी संख्या में महिलाएं सम्मलित हुई।

### 9वीं 11वीं के नतीजे घोषित मेधावी बच्च हुए पुरस्कृत

**तिल्दा नेवरा।** सासाहोली (तिल्दा)हाई स्कूल में कक्षा ग्यारहवीं एवं कक्षा नवमी का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त के बच्चों को नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा के स्वास्थ्य , चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग के सभापति रानी सौरभ जैन के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मान किया गया। साथ में सभापति ईश्वर यदु, मंडल के महामंत्री सौरभ जैन , अमरजीत पासवान, शाला समिति के सदस्य, स्कूल स्टॉफ आदि उपस्थित थे।

### हनुमान प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया

**आरंग।** रामजानकी मंदिर आरंग में प्रतिष्ठित पंचमुखी हनुमान जी का प्रकट्य दिवस के पावन अवसर पर रुद्राभिषेक, हवन पूजन, महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जनों ने भाग लेकर पुण्य लाभ लिया। वही राधाकृष्ण मंदिर में भी हनुमान जी का पूजा पाठ, हनुमान चालीसा एवं सुन्दर कांड का पाठ कर हर्षोल्लास के साथ हनुमान प्रकट्य उत्सव मनाया गया।

### डा.आंबेडकर जयंती पर आज सम्मान समारोह

**मंदिर हसौद।** राजधानी के पास स्थित गुरु अमरदास गुरुद्वारा परिसर में 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती उत्सव का आयोजन साथ ही नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह का रखा गया है । जिसमें क्षेत्र के सरपंच जनपद और समाज के विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज सेवकों का सम्मान किया जाएगा।

---

समाज : महापुरुषों के नाम की योजनाओं का नाम बदलना अनुचित है : पूर्व सीएम भूपेश बघेल

# मनवा कुर्मी समाज के महाअधिवेश के शुभारंभ में निकाली कलश यात्रा, 11 जोड़ों की शादी आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

- महाअधिवेशन में सांसद विजय बघेल ने समाज के विकास पर जोर दिया
- कुर्मी समाज का गौरवशाली इतिहास है जो अन्य समाज के लिए अनुकरणीय



छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय महाअधिवेशन इंडोर स्टेडियम, रायपुर में धूमधाम से शुरू हुआ। इस कार्यक्रम में समाज के विकास,आदर्श विवाह और सामाजिक एकता पर चर्चा हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और सांसद विजय बघेल ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा से हुई, जिसका नेतृत्व केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप, महामंत्री यशवंत सिंह कोषाध्यक्ष जागेश्वर बघेल युवा अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा और महिला अध्यक्ष सरिता बघेल ने किया। कलश यात्रा कुर्मी बोर्डिंग से प्रारंभ होकर फूल चौक, तात्यापारा, कंकाली तालाब और पुरानी बस्ती होते हुए इंडोर स्टेडियम पहुंची। प्रथम दिवस पर ध्वजारोहण कर समाज के महापुरुषों डॉ. खूबचंद बघेल, स्वामी आत्मानंद महाराज, सरदार वल्लभभाई पटेल, छत्रपति शिवाजी महाराज और दानवीर भोला प्रसाद परगनिहा के छायाचित्रों पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद दीप प्रज्वलन, कुर्मी गौरव गीत और स्वागत गीत से कार्यक्रम का औपचारिक आरंभ हुआ। समाज के गौरवशाली इतिहास को आगे बढ़ाने की जरूरत ,विजय बघेल सांसद विजय बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। 1904 में हमारे पुरोधाओं ने समाज को संगठित करने और सामाजिक विकास की नींव रखी थी। आज हमें उसी दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत है।उन्होंने युवाओं से स्वरोजगार और शिक्षा पर ध्यान देने का आह्वान किया।

### योजनाओं के नाम बदलना चिंता का विषय

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि जब मैं मुख्यमंत्री था, तब हमने समाज के महापुरुषों के नाम पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी-हिंदी स्कूल, डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना और छात्रवृत्ति योजनाएं शुरू की थीं। लेकिन सत्ता बदलते ही इन योजनाओं के नाम बदल दिए गए, जो चिंता का विषय है। उन्होंने पिछड़े वर्ग के आरक्षण पर भी चिंता जताई और कहा कि वर्तमान में 14% आरक्षण दिया जा रहा है, लेकिन अदालती स्थगन खत्म होते ही यह घटकर 4-5% रह जाएगा, जिससे समाज के युवाओं को सरकारी नौकरियों में मौका नहीं मिल पाएगा।

### 11 जोड़ों के विवाह की तैयारी

आदर्श विवाह और समाज की गतिविधियाँ कार्यक्रम में 11 जोड़ों का आदर्श विवाह संपन्न होंगे। जिसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दूसरे दिन नवदंपत्ति को आशीर्वाद देंगे। महिला अध्यक्ष सरिता बघेल द्वारा लिखित पुस्तक प्रयास का विमोचन भी किया गया। उपस्थित गणमान्य कार्यक्रम में मोती लाल वर्मा, मन्नू लाल परगनिहा, विपिन बिहारी वर्मा, रघुनंदन लाल वर्मा, महेंद्र वर्मा, रायपुर पार्षद मनोज वर्मा, जयश्री सत्यनारायण नायक, लक्ष्मी वर्मा, सुनील नायक, श्रद्धा नायक, शेखर वर्मा (मीडिया प्रभारी), सुनीता वर्मा (राज प्रधान), ठाकुर राम वर्मा, हरिराम वर्मा, चिंता राम वर्मा, ईश्वरी वर्मा, रामखिलावन वर्मा, सत्यभामा परगनिहा, नीलमणि परगनिहा, युगल किशोर आडिल, प्रवीण धुरंधर, भूपेंद्र वर्मा, प्रताप वर्मा ,टी.आर. नायक, देवेंद्र वर्मा, लोकेश वर्मा सहित हजारों स्वजातियो उपस्थित रहे।

---

## रामनवमी पर जगराते का आयोजन सराहनीय कार्य : खुशवंत साहेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



गुरुवार को आरंग के बस स्टैंड में शिवसेना द्वारा रामनवमी के अवसर पर स्वर्णा और गरिमा दिवाकर का जगराता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आसंदी से विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने शिवसेना द्वारा रामनवमी पर भव्य रुप से जगराता आयोजन की सराहना करते हुए कहा जो राम का नहीं, वह किसी काम नहीं। इस अवसर पर उन्होंने रामनवमी की सभी को शुभकामनाएं दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ चर्म शिल्प आयोग अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा ने किया। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के आसंदी से शिवसेना कार्यकारी अध्यक्ष धनंजय परिहार ने जोशीले अंदाज में विशाल जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा हमारा उद्देश्य हिन्दुओं को संगठित करना है। हिन्दू एक रहेगें तभी पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देश से घूसने वाले घूंसपैठिए को रोका जा सकता है। यह घुस पैठिए हिन्दूओं के हक को छिन रहा हैं। देश को हिंदू राष्ट्र घोषित करने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है। उन्होने जोश भरते हुए कहा लगभग 80 प्रतिशत हिन्दूओं की आबादी वाले राष्ट्र को अपने हक के लिए जुझना पड़ रहा है।हम कहने पर नहीं बल्कि करने पर विश्वास करते हैं।जो हिन्दूओ के हित में काम करेगा उनके साथ मिलकर शिवसेना काम करेंगे। इस अवसर पर शिवसेना ने नगर के पत्रकारों व विभिन्न सामाजिक संगठनों को रचनात्मक पत्रकारिता व विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर मधुसूदन स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष दिनेश ठाकुर व आभार प्रदर्शन जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम के आयोजन संयोजन में जिला अध्यक्ष दिनेश ठाकुर, जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष केशव वैष्णव, नगर अध्यक्ष राज दूबे, नगर उपाध्यक्ष रिंकू यादव, शिवसेना से व्यास सोनकर, टेकू देवांगन, रूपेश धीवर, रेखराज अग्रवाल, राजा तोड़े, गया प्रसाद, राकेश चंद्राकर व शिवसेना के अन्य सदस्यों का रहा।

---

## हनुमान जयंती पर धर्मार्थ सेवा समिति ने किया पौधा रोपण



**आरंग।** जनपद पंचायत आरंग के अधीन सेक्टर 27 अटल नगर नया रायपुर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में श्री हनुमत धर्मार्थ सेवा समिति के तत्वाधान में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विशेष पूजा अर्चना के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर मन्दिर समिति एवं स्थानीय समाज सेवियों के सयुक्त प्रयास से मन्दिर परिसर में विभिन्न प्रकार के वृक्ष लगाए गए। इस अवसर पर मन्दिर के पुजारी सतीश चतुर्वेदी ने कहा कि हनुमान जी की शक्ति सेवा और समर्पण के प्रतीक है। उनकी आराधना केवल पूजा पाठ तक सीमित नही रहना चाहिए बल्कि हमे समाज और प्रकृति की सेवा के माध्यम से उनके आदर्शों को अपनाना चाहिये। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भवन एवम सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह जनपद सदस्य गोलू हिरवानी, पूर्व जनपद सदस्य विकास टण्डन के अलावा मन्दिर समिति के पदाधिकारी दीपेश गौतम, मुकेश त्रिपाठी, सन्दीप तिवारी, सर्वेश शुक्ला, मुकेश सिंह, पारवेंद्र, रवि, राहुल, रजक, मोनु, सन्तोष, ऋतुनाथ त्रिपाठी, अरविंद पांडे शामिल हुए।

## रामकथा व श्री रूद्र महायज्ञ का कलशयात्रा के साथ शुभारंभ



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा के समीपस्थ ग्राम सरोरा में अखिल भारतीय आध्यात्मिक उत्थान मंडल, शारवा-सरोरा (गोसदन) के तत्वाधान में हनुमान मंदिर में रविवार को शाम 4.00 बजे कलशयात्रा के साथ पंचदिवसीय श्री रामकथा व रूद्र महायज्ञ की शुरुआत रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। कलश पात्रा में आसपास की महिलाएं व कन्याएं माथे पर कलश लेकर शामिल हुई। कलशयात्रा हनुमान मंदिर से प्रांरभ होकर नर्मदेश्वर मुहादेव मंदिर व गांव की प्राचीन नगर देवी माँ शीतला मंदिर से होते हुए कथा स्थल शंकराचार्य पार्क में पहुंची। कलशयात्रा में कथा व्यास ब्रज रस प्रवाहक श्री रमण विहारी शरण महराज, वृन्दावन, आचार्य अजय मिश्रा, बनारस व श्री मानस मनीष, अयोध्या धाम विशेष रूप से सम्मिलित हुए सोमवार को प्रातः 07 वजे पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अग्नि स्थापनाा के साथ यज्ञ प्रारम्भ होगा व सायं 4.00 बजे से श्री रामकथा श्री रमण बिहारी शरण जी के श्री मुख से होगा। ऐसे आयोजनों से लोगों में धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है। साथ ही लोगों में सतकर्म की भावना जागृत होती हैं। आयोजन प्रमुख दाऊ डीडी अग्रवाल, गोपाल साहू, मुकेश अग्रवाल, संतोष यदु, जग्गू यदु, रात्रभरोसा साहू, दिनेश तिवारी, रेवराम यह मनीयम भड, खेला याद-रान कथा व यज्ञ रो सफल सनाने हेड व्यवस्था में लगे है।

## हनुमान जयंती पर मानस गान कर किया भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। सभी हनुमान मंदिरों में विशेष साज सज्जा कर पूजा अर्चना की गई।। साथ ही सभी जगहों पर आम भंडारे का आयोजन भी किया गया।

तिल्दा नेवरा रेल्वे स्टेशन में स्थित बजरंग बली मंदिर में प्रतिवर्षानुसार सुबह पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण देर शाम तक किया गया वही दोपहर से भंडारा शुरू किया गया जो देर शाम तक जारी रहा। भारी संख्या में भक्तों ने यहां भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

इसी तरह से वार्ड 19 तिल्दा बस्ती में मां मावली माता मंदिर के पास बजरंगबली के विशाल प्रतिमा के सामने पूर्व पार्षद लक्ष्मीनारायण वर्मा के नेतृत्व में विशेष पूजा अर्चना विधि विधान पूर्वक किया गया व प्रसाद वितरण किया गया। वहीं रेलवे लाइन के उस पर वार्ड 20 में स्टेशन के पास स्थित हनुमान मंदिर में वहां की समिति द्वारा 24 घंटे का रामायण मानस गान पाठ कराया जा रहा है। जहां विभिन्न रामायण मंडली पहुंचकर मानस गान कर रहे हैं। समिति द्वारा सभी मानस मंडलियों का सम्मान किया जा रहा है। साथ ही यहां पर विशेष भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमें आम लोगों को खाना खिलाया जा रहा है। इसी तरह जीप स्टैंड तिल्दा, सहित कई स्थानों पर श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही शहर के अन्य हनुमान मंदिरों में भी पूजा अर्चना कर भंडारे का आयोजन किया गया। नगर पालिका के सभापति रानी सौरभ जैन एवं ईश्वर यदु ने सभी मंदिरों में जाकर भंडारे में शामिल होकर सभी को हनुमान जयंती की बधाई दी।

## 5वीं व 8वीं के पेपर का मूल्यांक संपन्न



**तरपोंगी।** मूल्यांकन केंद्र तरपोंगी में दिनांक 7 से 12 अप्रैल तक केन्द्रीकृत प्राथमिक व उच्च प्राथमिक परीक्षा 2025 का मूल्यांकन कार्य हेतु प्राथमिक विभाग के 50 व उच्च प्राथमिक विभाग के 45 शिक्षकों के द्वारा सम्पन्न किया गया। जिसके लिए संकुल केंद्र तरपोंगी, खैरखूँट, भूमियां, निनवा किरना व कुंदरू अंतर्गत समस्त शालाओ के शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य हेतु लगाया गया था। मूल्यांकन केंद्र तरपोंगी के केंद्राध्यक्ष संस्था के प्रभारी प्राचार्य अनिरुद्ध पांडेय को व उप केन्द्राध्यक्ष तरपोंगी संकुल समन्वयक कौशल वर्मा को नियुक्त किया गया था, जिनके सफलतापूर्ण निर्देशन में यह कार्य सम्पन्न कराया गया। जिसके लिए अनिरुद्ध पांडेय ने प्राथमिक विभाग से सभी विषय हेतु चार व उच्च प्राथमिक से छः मुख्य परीक्षकों को नियुक्त किया गया था।

## नकुल देव ढीढीजी की 111वीं जयंती मनाई



**आरंग।** संत शिरोमणि परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा की जयंती के जन्मदाता दादा नकुल देव ढीढी जी की 111वीं जयंती आरंग पालिका के वार्ड क्र 16 ढ़ीढ़ी चौक बैहार में मनाई गई। नकुलदेव ढीढी जी की प्रतिमा में पुष्पांजलि कार्यक्रम के बाद स्व. नकुलदेव डीढ़ी जी की जीवन संघर्ष विषय पर संगोष्ठी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संदीप जैन ने जैत खम्ब में पूजा अर्चना कर स्व नकुल देव ढीढी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सामाजिक विकास संगठन सतनामी समाज आरंग जिला रायपुर ने विधायक गुरु खुशवंत साहेब के नाम पालिका अध्यक्ष डॉ संदीप जैन को ज्ञापन सौंपते हुए वार्ड क्र 16 में रंगमंच भवन बनवाने की मांग की। साथ ही दादा नकूलदेव ढ़ीढ़ी के आदमकद स्थापित मूर्ति को सामाजिक बंधुओं द्वारा नगर पालिका परिषद आरंग को समर्पित किये जाने संबधी पत्र भी सौपा तथा निवेदन किया कि अब से इस मूर्ति को नगर पालिका आरंग अपने अधिपत्य में लेवे और इनके संरक्षण करे तथा उनके जन्मतिथि व पूर्ण तिथि पर प्रतिवर्ष सामाजिक चिंतन का आयोजन निरंतर करायें। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बिंदु हिरामन कोसले, पार्षद प्रतिनिधि विक्रम परमार, वार्ड क्र 16 के पार्षद सेवती तोषण साहू, अशोक चंद्राकर, डॉ दाऊ लाल साहू, दिनेश चंद्राकर सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



**अभनपुर।** सेक्टर 27 नवा रायपुर अटल नगर में श्री हनुमत धर्मार्थ जन सेवा समिति (पंजी.) के तत्वाधान में प्राचीन श्री हनुमान मंदिर मे धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में विशेष पूजा अर्चना कर विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, जनपद सदस्य गोलू हिरवानी तथा पूर्व जसदस्य विकास टंडन प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस मौके पर मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। इस भव्य आयोजन में मंदिर के मुख्य पुजारी सतीश चतुर्वेदी, समिति पदाधिकारी दीपेश गौतम, मुकेश त्रिपाठी, संदीप तिवारी, सर्वेश शुक्ला, आनन्द पांडे, राहुल शर्मा, चंद्रसेन यादव, राहुल रॉय, अविनाश रॉय, संतोष शर्मा, मुकेश सिंह, पारवेंद्र, रवि, राहुल रजक, मोनू, संतोष, ऋतुनाथ त्रिपाठी, अरविंद पांडे व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।


---

आदिवासी कांग्रेस का अधिकार और सशक्तिकरण विषय पर शिविर का किया आयोजन

# आदिवासियों पर अत्याचार को करें उजागर और युवकों को कांग्रेस विचारधार से जोड़े : भूरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

- आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया ने ली प्रत्रवार्ता



आरंग के बलॉक कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में आयोजित छत्तीसगढ़ आदिवासी कांग्रेस के 5 दिवसीय आदिवासी अधिकार एवं सशक्तिकरण शिविर में आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया ने शिरकत की। इस दौरान आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने बताया कि देश के आदिवासी युवाओ को कांग्रेस के विचारधारा से जोड़ने और जिन-जिन राज्यों में भाजपा की सत्ता में आने बाद आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार विरुद्ध जागरूक के लिए ऐसे शिविर का आयोजन कर रही है। इस शिविर छत्तीसगढ़ के हर जिले से आदिवासी प्रशिक्षु भाग ले रहे है। जिन्हें दिल्ली आए विशेषज्ञ आदिवासी कानून और अधिकारों के बारे जानकारी दे रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश मे आदिवासी राष्ट्रपति और छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री बनने से आदिवासियों का भला होगा लेकिन वे आदिवासियों पर होने वाले अत्याचारों पर चुप रहते हैं।

इस दौरान रामू टेकाम, प्रदेशाध्यक्ष, आदिवासी कांग्रेस मध्यप्रदेश जनक राम ध्रुव, प्रदेशाध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस छत्तीसगढ़ डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, पूर्व केबिनेट मंत्री उपस्थित थे।

### भाजपा पर कार्पोरेट और उद्योगपतियों का दबाव

भाजपा पर कार्पोरेट और उद्योगपतियों का दबाव है। उद्योगपतियों के लिए जंगल काटे जा रहे हैं। हसदेव में एक लाख पेड़ काटा जा चुका है और तीन लाख और काटने हैं। बिना जंगल, जमीन के आदिवासियों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर में नक्सलवाद के नाम आदिवासी ही आदिवासी को मार रहा है इनके बीच में आदिवासी ही पीस रहा है। इन सब पर सवाल उठाने वालों को दबाने के लिए भाजपा ईडी और सीबीआई का दुरूपयोग कर रही है। प्रदेश में अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है, आदिवासी, महिलाओं, बच्चे यहां तक कि पुलिस भी यहां सुरक्षित नही है। प्रदेश में स्वास्थ्य और शिक्षा का हाल बेहाल है। इसलिए आदिवासी युवाओं को अपने संस्कृति, रूढ़ि और जर, जमीन और जंगल को बचाने जागरूक होना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि आदिवासी कांग्रेस का शिविर तेलंगाना और मध्यप्रदेश के बाद छतीसगढ़ में आयोजित हो रहा है।


## कोरासी देवांगन समाज की कार्यकारिणी का विस्तार



**आरंग।** कोरासी राज देवांगन समाज का बैठक देवांगन भवन भानसोज में रविवार को संपन्न हुआ। जिसमें कोरासी परिक्षेत्र के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कोरासी राज देवांगन समाज का पदाधिकारी मनोनीत करते हुए शपथ दिलाया गया। जिसमें संरक्षक मनोहर देवांगन भानसोज, उपाध्यक्ष लेखराम देवांगन केसला, सहसचिव सोमनाथ देवांगन सेमरिया, जिला प्रतिनिधि रेखराज देवांगन गुखेरा, प्रदेश प्रतिनिधि गुमान देवांगन करमंदी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेश्वरी देवांगन सकरी, महिला सचिव पूर्णिमा देवांगन सेमरिया, महिला उपाध्यक्ष अनिता देवांगन करमंदी, कार्यकारिणी सदस्य रमाकांत देवांगन जारा, डाकेश्वर देवांगन भानसोज, किरण कुमार देवांगन घोरभट्ठी, नुकेश देवांगन खमतराई, कुमार देवांगन नरसिंगपुर, अभय राम देवांगन समोदा, अर्जुन देवांगन सकरी, नंदकुमार देवांगन कोरासी, समाज सेवक सरजू देवांगन समोदा बने। प्रमुख तीन पदाधिकारियों हेतु चुनाव संपन्न कराया गया था।

जिसमें अध्यक्ष संतराम देवांगन कोरासी, सचिव सोहन लाल देवांगन समोदा, कोषाध्यक्ष तिलक देवांगन संडी निर्वाचित हुए थे।

# चकल्लस



## डमी मंत्री का जलवा

राजनीति में में अक्सर यह देखा जाता है कि व्यक्ति को पद मिलने के बाद उनसे कई ऐसे लोग जुड़ जाते हैं। अपने फायदे के लिए अपनी टीआरपी बढ़ाने बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाकर अपने मनी पॉवर का संकेत देते हैं। ऐसा कुछ अंबिकापुर क्षेत्र के एक मंत्री ने अपने विभागीय कार्यों के लिए झारखंड के व्यापारी को अपना खास बना लिया है। उसके यहां आने के बाद अफसरों को भी निर्देश वो ही देते हैं। बताया जाता है कि उनके विभाग से संबंधित हर गतिविधि उनसे पूछे बगैर नहीं होती। यहां पर काम करने वाले अफसर और कर्मी उन्हें डमी मंत्री का नाम देते हैं। वैसे उनके दफ्तर का हर कर्मी उनकी सिफारिश के बाद ही रखा जाता है।

## खूब ली बधाई, अब मायूस

पिछली सरकार के समय महिला एवं बाल विकास विभाग के राज्य समाज कल्याण बोर्ड को बंद कर दिया गया था। उस समय एक वरिष्ठ महिला कांग्रेस नेत्री की नियुक्ति हुई थी। उस समय उन्हें इसमें ज्वाइन नहीं कराया जा सका था। अब भाजपा सरकार में फिर से समाज कल्याण बोर्ड में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। बोर्ड में अपेक्षित प्रगति नहीं दिखाने के कारण केंद्र सरकार के निर्देश पर ही राज्य समाज कल्याण बोर्ड को बंद किया गया था। अब भाजपा नेत्रियों की नियुक्तियों के बाद इसकी जानकारी होने पर संगठन को इसकी जानकारी हुई। नाम घोषित होने पर खूब बधाई ली, अब यह जानकारी मिलते ही मायूस नजर आ रही हैं।

## भूल गए करोड़ों का हिसाब

शराब का कारोबार करने वाले सरकारी अमले पर जब राजस्व बढ़ाने का दबाव पड़ा तो उन्होंने ऐसी स्कीम बनाई थी कि शराब के अलावा चखने से भी कमाई कर ली जाए। अफसरों ने हिसाब लगाया कि चखना दुकान (अहाता) खोलने का लायसेंस बेचने से ही सौ करोड़ रुपए मिल सकते हैं। योजना पिछले साल लागू की गई थी, लेकिन अहाता चलाने वाले धंधा छोड़कर भाग गए। अब अफसर ने चखना से धन जुटाने की स्कीम में बदलाव किया है। अब ये किया जा रहा है कि शराब दुकान के लिए ली जाने वाली शुद्ध ड्यूटी राशि के आधार पर दो माह में मिलने वाली ड्यूटी के 65 प्रतिशत हिस्से का दो के बराबर राशि ली जाएगी, यानी अफसर अब एकमुश्त करोड़ों का हिसाब भूले हैं, पर नया हिसाब जरूर ले आए हैं।

## नेटवर्क मार्केटिंग के जाल में

छत्तीसगढ़ में पिछले कुल साल में चिटफंड कंपनियों के जरिए गरीबों को लालच देकर अरबों रुपए लूटने वाली कंपनियों पर किसी तरह लगाम लगी है, लेकिन अब यही काम नए सिरे से नए अंदाज में होने लगा है। खबरी को पता लगा है कि ऐसी ही कंपनियों ने अब नेटवर्क मार्केटिंग शुरू की है। इस काम में सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को फंसाया गया है। कुछ शिक्षकों ने कमाई कर ली तो बाकी क्यों पीछे रहने वाले थे। बड़ी संख्या में गुरुजियों के साथ बहनजी भी इस काम में लग गईं हैं। एक ताजा मामला सामने आया है कि एक शिक्षिका ने नेटवर्क बनाने के लिए प्रचार का वीडियो बनाया और उसमें डांस करती नजर आईं। सरकार की नजर पड़ी तो शिक्षिका को सस्पेंड कर दिया गया, लेकिन खतरे की बात अब ये है कि नेटवर्क मार्केटिंग के जाल में पढ़े-लिखे शिक्षक-शिक्षिकाएं फंस रहे हैं।

## कोई ढोल बजवा दो

रविवि में बड़े साहब के दो साल पूर्ण हो गए हैं। साहब तो सच में बड़े वाले निकले। शानदार दो वर्ष पूर्ण होने के बाद उनके मन में ख्याल आया कि इस बारे में शहर में चर्चाएं होनी चाहिए, लेकिन वे खुद ही इस बार में बात करते हुए थोड़े खराब लगते। फिर क्या था, उन्होंने अपने चमचों को काम पर लगाया कि कहीं कोई ढोल बजवा दिया जाए। इसके बाद उनके मातहत भी बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना की तर्ज पर उचकने लगे। ऐसी-ऐसी चीजों पर ढोल बजवा रहे हैं कि आप ना ही जानें तो बेहतर है।

## बस मारपीट बाकी है

देखिए हम आपसे सालभर से कह रहे हैं कि एनएसयूआई में कुछ भी ठीक नहीं है। लेकिन मजे की बात यह है कि यह बात बस आपको और हमको ही पता है। या तो कांग्रेस के आकाओं को नहीं पता है कि बच्चे क्या कर रहे हैं या वे बच्चों की आपसी लड़ाई में पड़ना नहीं चाहते। छुटभैय्ये नेताओं को खुश करने थोक में पद बांटे गए थे। स्थापना दिवस सहित कई आयोजनों में ये नदारत रहे तो शहरी बाबू ने इन्हें निष्कासित कर दिया। दूसरे ग्रुप को यह रास नहीं आया और प्रदेश वाले छोटे आका की शरण में पहुंचकर निष्कासन रद्द करवा लिया। शहरी बाबू की तरफ से भी जवाबी वार की भी तैयारी पूरी हो गई है। अब आखिरी बात, सत्ता बदलने वाली है। लेकिन अभी नहीं, मौसम बदलेगा तब।

## कहीं जमीं कहीं आसमां नहीं मिलता

किसी को मुक्कमल जहां नहीं मिलता। कहीं जमीं कहीं आसमां नहीं मिलता। अब भाजपा के नेताओं को ही लीजिए। जिन्हें निगम-मंडल नहीं मिला वे नाराज होकर फूफाजी बन गए हैं। कई तो बात ही नहीं कर रहे, इतने नाराज हैं। वे कह रहे हैं कि जिन्हें मिल गया वे किस्मत वाले थे। लेकिन जिन्हें मिला है उसमें से आधा दर्जन तो इसी से दुखी हैं इससे अच्छा तो मिलता ही नहीं। कहीं कानून का पेंच फंसा है तो कहीं जो मिला उससे खुश नहीं हुए। खबरी बता रहा था कि एक फायर ब्रांड नेता तो इतने नाराज हैं कि पूछिए मत। छेड़ते ही ऐसे-ऐसे शब्दों का उपयोग कर रहे हैं कि कानों से खून निकलने लगे।

## जो मंत्रीजी बोलेंगे वही होगा...

प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में पदस्थ एक डॉक्टर की हर बातों में मंत्रीजी का उल्लेख आना विभागीय चर्चा का कारण बन गया है। खुद प्रमुख ओहदे पर होने के बाद भी डॉक्टर साहब छोटा-सा फैसला भी मंत्रीजी की सहमति के बिना लेने में हिचकिचाते हैं। मरीजों के उपचार के लिए डॉक्टरों द्वारा की जाने वाली किसी भी मांग को पूरा करने के बजाय उन्हें मंत्रीजी ने ऐसा बोला था... वाला तकिया कलाम सुन-सुनकर उकताने लगे हैं। अस्पताल प्रबंधन में खास दखल रखने वाले चिकित्सक ने राज खोला है कि संबंधित चिकित्सक और मंत्रीजी एक ही क्षेत्र के रहने वाले हैं, इसलिए उनके बीच भाईयों जैसा प्रेम है।

## डर कायम है...

रीएजेंट और उपकरण घोटाले से सीजीएमएससी में काम करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों की हाई बीपी अभी भी सामान्य नहीं हुई है। घोटाला खुलने के बाद वहां के स्टाफ अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं। कार्पोरेशन से संबंधित किसी भी काम की जानकारी लेने के लिए लोगों को ऐड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है। कार्पोरेशन के जिम्मेदारों द्वारा मातहतों को बिना जरूरी काम गैरविभागीय लोगों से दूरी बनाकर रखने की हिदायत दी गई है। साथ ही किसी भी कामकाज के दस्तावेज बिना सहमति बाहर ले जाने से सख्त मनाही है। गड़बड़ी के मामले में ईओडब्ल्यू की जांच अभी भी जारी है और कार्रवाई का खतरा बना हुआ है, इसलिए फूंक-फूंककर कदम रखा जा रहा है।

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला, विकास शर्मा, रुचि वर्मा।

# उपार्जन केंद्रों में सूखा धान, अब शार्टेज बताकर वसूली, प्रबंधक जा रहे हाईकोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सहकारी सोसायटियों के माध्यम से खरीदे गए धान में सूखत का मामला अब सोसायटी संचालकों के लिए गले की हड्डी बन गया है। जिन सोसायटियों में धान सूखने से वजन में कमी आई है, वहां प्रबंधकों से धान या उसकी कीमत अदा करने का दबाव डाला जा रहा है। ऐसा नहीं करने पर एफआईआर कराने की चेतावनी भी दी गई है। कार्रवाई के डर से रायपुर जिले में आरंग, अभनपुर, और तिल्दा ब्लॉक की दो दर्जन सोसायटियां हाईकोर्ट में पंहुची हैं।अकेले रायपुर जिले की ही बात की जाए तो यहां के तीन ब्लॉक आरंग, अभनपुर और तिल्दा में धान खरीदने वाली सोसायटियों पर लाखों रुपए की वसूली निकली है। बताया गया है कि धान के वजन में कमी के आधार पर 2300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से वसूली के लिए नोटिस दिए गए हैं। एक सोसायटी में सबसे कम 90 क्विंटल से लेकर 600 क्विंटल तक की कमी पाई गई है। इस हिसाब से कई सोसायटियों पर दो लाख से लेकर 14 लाख रुपए तक का बकाया निकल रहा है।

### आरंग, अभनपुर, तिल्दा की सोसायटियों में धान की कमी

**सूखत है शार्टेज नहीं**

इस संबंध में सोसायटी प्रबंधकों का कहना है कि जिस धान खरीदी के बाद महीनों तक उपार्जन केंद्रों में पड़ा रहा। गर्मी की वजह से धान सूखा है, लेकिन मार्कफेड उसे शार्टेज बताकर वसूली कर रहा है। यह लिमिट जल्द ही न केवल पार हो गई, चार पांच गुना हो गई, धान का परिवहन नहीं हुआ।

**केस की सुनवाई 28 को**

रायपुर जिले के आरंग, अभनपुर और तिल्दा क्षेत्र की सोसाटियों के करीब 26 मामले हाईकोर्ट में गए हैं। बताया गया है कि अभनपुर नवापारा क्षेत्र के प्रकरण में 28 अप्रैल को हाईकोर्ट में सुनवाई की तारीख तय है।

**एफआईआर और नौकरी जाने का डर**

इस पूरे मामले को लेकर सोसायटी संचालक भारी परेशानी में हैं। सबसे बड़ा डर एफआईआर को लेकर है। यह होने पर गिरफ्तारी का डर है। कुछ सोसायटी प्रबंधक सेवामुक्ति यानी नौकरी जाने की आशंका से भयभीत हैं। यही कारण है कि कुछ सोसायटी संचालकों ने इधर-उधर से धान लेकर जमा करने का भी प्रयास किया।

## होटल, भवन, टेंट, कैटरिंग सबकी पहले से बुकिंग, 800 करोड़ का हो चुका व्यापार

# शादियों से कारोबारी मालामाल, सीजन में 1800 करोड़ का कारोबार, जून तक मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शादियों के लिए राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर में जमकर खरीदारी हो रही है। सोने-चांदी के गहनों, कपड़ों, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान के साथ बर्तन, फर्नीचर, कैटरिंग के साथ ही होटल, भवनों के किराए को मिलाकर सीजन में 18 सौ करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है। जनवरी से मार्च तक के सीजन में करीब 8 सौ करोड़ का कारोबार हो चुका है। अप्रैल से जून तक शादियों के मुहूर्त हैं। इस अवधि में हजार करोड़ का कारोबार और संभव है।

नए साल में जनवरी से ही लगातार शादियों का सीजन चल रहा है। जनवरी से लेकर मार्च तक बहुत शादियां हुईं हैं और अब अप्रैल से लेकर जून तक थोक में शादियां होने वाली हैं। इन शादियों के लिए हर सेक्टर के बाजार में लगातार खरीदारी हो रही है। सभी सेक्टरों के बाजार इस समय गुलजार हैं।

- कपड़ों का कारोबार 500 करोड़
- इलेक्ट्रॉनिक्स का व्यापार 500 करोड़
- सोने-चांदी के गहनों का व्यवसाय 300 करोड़
- टेंट, कैटरिंग, होटल, भवनों का कारोबार 300 करोड़
- फर्नीचर, बर्तनों का व्यापार 200 करोड़



**कपड़ा बाजार गुलजार**

प्रदेश का सबसे बड़ा राजधानी रायपुर का पंडरी कपड़ा बाजार जनवरी से ही गुलजार है। यहां पर रोज प्रदेशभर से लोग खरीदारी करने आ रहे हैं। पंडरी कपड़ा एसोसिएशन के चंदर विधानी के मुताबिक, जनवरी से अब तक दो से ढाई सौ करोड़ का कारोबार हो चुका है। जून तक और इतना कारोबार होने का अनुमान है। पूरे सीजन में पांच सौ करोड़ का कारोबार पूरे प्रदेश में होगा। यही वह सीजन है, जिसमें हर वर्ग के लोग शादियां करते हैं, ऐसे में कारोबार ज्यादा होता है।

**सोने की कीमत ज्यादा, खरीदी आधा**

शादियों के लिए सोने और चांदी के गहनों की थोक में बिक्री होती है। सराफा कारोबारियों के मुताबिक जून तक के सीजन में 300 करोड़ का कारोबार पूरे प्रदेश में हो जाएगा। इस समय सोने और चांदी की कीमत आसमान पर चली गई है। ऐसे में शादियों के लिए सोने के गहनों की जो खरीदारी हो रही है, उसमें फर्क इतना है कि लोग अपने बजट के हिसाब से खरीदारी कर रहे हैं। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के मुताबिक, सोने की कीमत को देखते हुए अब लोगों ने इसकी खरीदारी का तरीका बदल दिया है। पहले सोना 50 हजार रहता था तो जो लोग एक लाख के बजट में 20 ग्राम सोना लेते थे, वो अब सोने की कीमत एक लाख के करीब होने के कारण 10 से 12 ग्राम ही सोने के गहने ले रहे हैं। इसी तरह से चार से पांच तोले के स्थान पर दो से तीन तोले के गहने लिए जा रहे हैं।

***इलेक्ट्रॉनिक्स में महंगे आइटमों का क्रेज***

*शादियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक आइटमों की भी जमकर खरीदारी हो रही है। लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक राजेश वासवानी के मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स में महंगे आइटमों का ज्यादा क्रेज है, चाहे इसमें मोबाइल की बात हो, एसी, फ्रिज या फिर एलईडी टीवी की बात हो। हालांकि लोग अपने बजट के हिसाब से खरीदारी करते हैं, लेकिन महंगे आइटम अब गांववाले भी खरीद रहे हैं। पूरे सीजन में पांच सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार पूरे प्रदेश में हो जाएगा।*

***होटल, भवन, टेंट, कैटरर्स सब पहले से बुक***

*शादियों के मुहूर्त के हिसाब से पहले से ही होटल, भवन सब बुक हो गए हैं। टेंट और कैटरिंग कारोबारी जसपाल सिंह होरा के मुताबिक, पूरे सीजन में होटल, भवन, टेंट, कैटरिंग को मिलाकर करीब तीन सौ करोड़ का कारोबार पूरे प्रदेश में हो जाएगा। बर्तन और फर्नीचर कारोबारियों के मुताबिक, पूरे सीजन में दो सौ करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है।*

## राज्य वन विकास निगम के नए अध्यक्ष पैकरा ने संभाला पदभार



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बुधवार को नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष रामसेवक पैकरा के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और उनको नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी उपस्थित थे और उन्होंने श्री पैकरा को नए दायित्व की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा, रामसेवक पैकरा वरिष्ठ राजनेता हैं और सामाजिक जीवन का उन्हें लंबा अनुभव है। उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया है। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, विधायक पुरंदर मिश्रा, पूर्व विस अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित विभिन्न मंडल, आयोगों के अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# सीएम, मंत्री, सांसद, विधायक, भाजपा के सभी नेता जाएंगे वार्डों, गांवों तक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर भाजपा ने प्रदेश में वार्डों से लेकर गांवों तक कई कार्यक्रम करने का फैसला किया है। इन कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से लेकर प्रदेश के सभी मंत्री, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि और भाजपा नेता जाएंगे। कार्यक्रमों को लेकर प्रदेश स्तर की कार्यशाला हो चुकी है। इसके बाद जिलों में भी कार्यशाला चल रही है, जिसमें कार्यक्रमों के बारे में बताया जा रहा है। कार्यक्रमों का आगाज 13 अप्रैल से हो चुका है। अब 25 अप्रैल तक लगातार कार्यक्रम चलेंगे। इसमें राष्ट्रीय संगठन द्वारा तय किए गए आधा दर्जन कार्यक्रम किए जाएंगे।

- आंबेडकर की जयंती पर भाजपा का चलेगा 25 अप्रैल तक कार्यक्रम

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने अपने स्थापना दिवस 6 अप्रैल से अलग-अलग तरह के कार्यक्रमों को करने का क्रम प्रारंभ किया है। एक बड़ा कार्यक्रम गांव चलो, घर-घर चलो अभियान भी चलाया गया। इसमें जहां शहर के नेता घरों तक पहुंचे वहां गांवों तक भी सांसद, विधायक और नेता गए। इसमें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को बताने के साथ जनसंपर्क भी किया गया।


**ये कार्यक्रम होंगे**

गांवों से लेकर शहर के वार्डों में जो कार्यक्रम आंबेडकर जयंती के पखवाड़े में करने का फैसला किया गया है, उसके बारे में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कंडेय ने बताया, राष्ट्रीय संगठन ने आधा दर्जन कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की है। इसमें शहर से लेकर गांवों की बस्तियों में स्वच्छता अभियान चलाना है। इसी के साथ वार्डों और बूथों में जनसंपर्क करना है। इसमें लोगों को बताना है कि किस तरह से कांग्रेस ने हमेशा से ही डॉ. आंबेडकर का अपमान करने का काम किया है और किस तरह से भाजपा में उनका सम्मान होता है। गांव और शहर के प्रबुद्धजनों से भी संपर्क करना है। इसके लिए 25-25 प्रमुख कार्यकर्ता तय किए गए हैं। एक-एक कार्यकर्ता पांच-पांच प्रबुद्धजनों से संपर्क करेंगे और उनके बारे में पूरी जानकारी एकत्रित करके राष्ट्रीय संगठन तक भेजेंगे। बस्तियों में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभार्थियों से भी संपर्क करना है। एक संगोष्ठी का भी आयोजन होगा। संविधान की प्रस्तावना का वाचन भी किया जाएगा। इन आयोजनों में भी प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय नेता भी शामिल होंगे।

# गायों की मौत पर सियासत, कांग्रेस बोली- दोषियों पर हो कार्रवाई, गौ-संरक्षण की बने नीति

### गोदाम खाली करने पर निकले वेस्ट मटेरियल खाने से मौत की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक साथ कई गायों की मौत से हड़कंप मच गया है। ताजा घटना रायपुर से सटे कन्हेरा गांव में 50 से अधिक गायों की मौत को लेकर कई तरह की बात सामने आ रही है। वेस्ट मटेरियल खाने से गायों के मौत की आशंका जताई जा रही है। अब तक गायों की मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। राजधानी से लगे उरला के समीप ग्राम कन्हेरा मे 50 से अधिक गायों की मौत होने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भारतीय जनता पार्टी गाय और गोबर जैसे विषयों पर केवल राजनीति करती है। उन्होंने मांग की है कि सरकार गायों के संरक्षण की नीति घोषित करे।

गायों की मौत को लेकर सियासी हंगामा मच गया है. इस घटना के प्रकाश में आने के बाद राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस ने इन मौतों के लिए सीधे तौर पर राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया है, कांग्रेस का कहना है कि यदि गोठान बंद नहीं किए जाते तो आज यह गाय सुरक्षित होती, उनकी मौतें नहीं होती। बीते सवा साल में यह कोई पहली घटना नहीं है। संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार की लापरवाही से राजधानी के कन्हेरा गांव में 50 से अधिक गायों की मौत हो गई। गांववाले बताते हैं कि एक शासकीय गोदाम है, जिसे सरकार ने नान के लिए किराए पर लिया है। उस गोदाम को खाली किया गया है और उसका जो भी सड़ा गला कचरा, वेस्टेज सामान था, उसे श्मशान के पास फेंक दिया गया था। जिसे गायों ने खा लिया और बड़ी संख्या में गायों की मौत हो गई, श्मशान के आसपास सिर्फ गायों की लाशें ही दिख रही हैं। उन्होंने कहा, यह बहुत वीभत्स मंजर है। गांव में गोठान है और उसे बंद कर दिया गया है। अगर गोठानों को बंद नहीं किया जाता तो इस गर्मी में गायों को चारा-पानी मिलता, इस तरह जहरीले पदार्थ खाकर गायों की मौत नहीं होती।

**गायों की मौत की जांच के लिए कांग्रेस ने बनाई जांच समिति**

ग्राम कन्हेरा में 50 गायों की मौत के लिए कांग्रेस ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है। समिति के अन्य सदस्यों में पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनिता शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा और जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष उधोराम वर्मा शामिल हैं। संबंधित ग्राम में जाकर जांच समिति के सदस्य ग्रामीणों से चर्चा कर गायों की मौत से संबंधित सही जानकारी एकत्रित कर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे।

**मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई भी हो : बैज**



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इस घटना पर कहा, भारतीय जनता पार्टी गाय और गोबर जैसे विषयों पर केवल राजनीति करती है। इन गायों की मौत साय सरकार की लापरवाही के कारण हुई है। सरकारी अमला सजग होता तो इतनी बड़ी संख्या मे गायों की मौत नहीं होती। राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद यह छठवीं घटना है, जब इतनी बड़ी संख्या मे गायें बेमौत मरी हैं। उन्होंने मांग की है कि कन्हेरा में हुई गायों की मौत की जांच होनी चाहिए, साथ ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

# न्याय यात्रा के लिए कांग्रेस ने बनाई जंबो कमेटी, 100 से अधिक नेता संभालेंगे कमान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग में मासूम बच्ची से हैवानियत को लेकर कांग्रेस न्याय यात्रा निकालेगी। 18 अप्रैल से दुर्ग से रायपुर तक न्याय पथ यात्रा निकाली जाएगी। चार दिन बाद यात्रा में शामिल नेता-कार्यकर्ता रायपुर पहुंचेगे। 21 अप्रैल को रायपुर में मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। यात्रा के संबंध में रूट चार्ट जारी किया जाएगा। 18 अप्रैल को दोपहर 3 बजे कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में यात्रा का शुभारंभ होगा।

- दुर्ग में मासूम के साथ हैवानियत को लेकर कांग्रेस की न्याय यात्रा

यात्रा के दौरान जगह-जगह पर गर्मी को देखते हुए टेंट में तथा अन्य जगह रुकने की व्यवस्था की जाएगी। अन्य दिनों में यात्रा सायं 4 बजे से प्रारंभ होगी। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह सिर्फ एक राजनीतिक विरोध नहीं है, बल्कि उन तमाम बेटियों की आवाज है, जो आज भी न्याय के इंतजार में हैं। न्याय पथ यात्रा के जरिए पार्टी यह संदेश देना चाहती है कि बेटियों की सुरक्षा सिर्फ चुनावी वादे नहीं, हकीकत में लागू होने चाहिए।

## रबी का धान रोक नहीं पाई राज्य सरकार

# लक्ष्य से अधिक रकबे में किसानों ने कर दी बोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ में सरकार पिछले कई बरसों से गर्मी के मौसम में उगाए जाने वाले रबी के धान को हतोत्साहित कर उसकी जगह दलहन-तिलहन या अन्य फसल उगाने के लिए किसानों को प्रेरित कर रही है, लेकिन यह सरकारी कोशिश इस साल एक बार फिर नाकाम होती नजर आ रही है। दरअसल सरकार ने पिछले साल के मुकाबले इस बार रबी के धान की बुवाई का लक्ष्य घटा दिया था, लेकिन इसके बाद भी लक्ष्य से अधिक बुवाई हो गई है।



**इस साल गरमाई थी राजनीति**

राज्य में इस साल खरीफ सीजन के धान की कटाई के बाद जब रबी फसल का मौसम आया तो रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव जैसे कुछ जिलों में रबी धान की फसल पर रोक लगाने की बातें सामने आई थीं। बताया गया है कि इस दौरान कुछ जिलों में ये मुनादी कराई गई थी कि इस साल कोई किसान गर्मी का धान नहीं लगाएगा। अगर मनाही के बाद भी किसान ने ये धान बोया तो उस पर 50 हजार रुपए जुर्माना लगेगा। इस बात को लेकर राजनीति जबरदस्त गरमाई थी। विपक्षी कांग्रेस ने इस मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए किसान विरोधी बताना शुरू कर दिया था। जब ये मामला गरमाने लगा तो सरकार ने सफाई दी कि इस तरह कोई रोक नहीं लगाई गई है। यह बात पूरी तरह निराधार है, सरकार ने इस संबंध में कोई आदेश जारी नहीं किया है।

***किसानों के लिए यह फायदे का सौदा***

*खेती-किसानी के जानकारों की मानें तो राज्य के सिंचित इलाकों में या जहां पानी उपलब्ध होता है, वहां रबी का धान लगाना फायदे का सौदा साबित हो रहा है। बताया गया है कि कुछ साल पहले तक रबी के धान की कीमत मंडियों में 1100-1200 रुपए से अधिक नहीं होती थी, लेकिन अब धीरे-धीरे इसकी कीमत बढ़कर दो हजार रुपए तक पहुंच रही है। वजह ये भी है कि खरीफ के धान की कीमत समर्थन मूल्य सहित 31 सौ रुपए है। इस लिहाज से रबी के धान की कीमत भी कम नहीं है। हालांकि रबी के धान के लिए गर्मी में पानी मिलना बेहद मुश्किल होता है। यही नहीं, समर्थन मूल्य पर ये धान खरीदा भी नहीं जाता है।*

***ये है मामला***

*छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार बरसों से इस कोशिश में है कि गर्मी के मौसम में ली जाने वाली रबी धान की फसल का रकबा कम किया जाए। इसके लिए सरकार ने किसानों को दलहन-तिलहन की फसल लगाने के लिए प्रोत्साहित करने की कोशिश की, लेकिन अब ये साफ हो रहा है कि किसानों का मोह रबी के धान से कम नहीं हो रहा है। खास बात ये है कि गर्मी के धान की उपज कम करने का प्रयास कम से कम 8-10 साल से किया जा रहा है।*

# अब छत्तीसगढ़ में 24 घंटे खोल सकेंगे दुकान, अधिनियम लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में व्यापारिक सुगमता को बढ़ावा देने एवं श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन ने दुकान एवं स्थापना अधिनियम 2017 तथा नियम 2021 लागू कर दिया गया है।

■ छत्तीसगढ़ शासन ने दुकान एवं स्थापना अधिनियम 2017 तथा नियम 2021 किया लागू


यह अधिनियम श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार की सिफारिश पर तैयार मॉडल शॉप एक्ट के अनुरूप है। अधिनियम के लागू होने से छत्तीसगढ़ में दुकानें 24 घंटे खुले रह सकेंगी। अधिनियम राज्य के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उन दुकानों और स्थापनाओं पर लागू होगा, जहां 10 या उससे अधिक श्रमिक कार्यरत हैं। वहीं जिन प्रतिष्ठानों में 10 से कम कर्मचारी हैं या कोई भी श्रमिक कार्यरत नहीं है, उन्हें इस अधिनियम से पूर्णतः मुक्त रखा गया है।

अधिनियम के तहत कर्मचारियों को 8 दिन आकस्मिक और त्योहारी अवकाश एवं अर्जित अवकाश का लाभ मिलेगा। महिला श्रमिकों को रात्रिकालीन पाली में नियोजन की अनुमति दी गई है, बशर्ते नियोजक द्वारा सुरक्षा एवं आवश्यक सुविधा सुनिश्चित की जाए। सप्ताह के सभी दिनों में दुकान संचालन की अनुमति दी गई है, बशर्ते कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित किया जाए। राज्य शासन आवश्यकतानुसार क्षेत्रीय स्तर पर साप्ताहिक अवकाश घोषित कर सकेगा।

## व्यापार को मिली नई उड़ान, छोटे व्यापारियों को बड़ी राहत

### ऑनलाइन पंजीयन कराना होगा

नए अधिनियम के तहत पंजीयन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन कर दी गई है। प्रत्येक व्यवसायी को 6 माह के भीतर श्रम विभाग के पोर्टल पर आवेदन कर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीयन उपरांत डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। साथ ही किसी भी प्रकार का संशोधन या दुकान बंद करने की सूचना भी ऑनलाइन माध्यम से दी जा सकेगी। पंजीयन आवेदन के 15 कार्य दिवस के भीतर यदि विभाग द्वारा प्रमाणन नहीं किया जाता तो डीम्ड रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था लागू होगी, जिससे समयबद्ध प्रक्रिया सुनिश्चित हो सकेगी।



**श्रम कानून की बाध्यता से राहत :** अधिनियम के लागू होने से अब जटिल श्रम कानूनों की बाध्यता से राहत मिल जाएगी। अधिनियम के तहत श्रम कानूनों से जुड़ी मामूली त्रुटियों पर अब न्यायालयीन कार्यवाही के बजाय समझौता शुल्क का प्रावधान किया गया है, जिससे विवादों का समाधान शीघ्र और सरल होगा।

### ईज ऑफ डूइंग बिजनेस नीति को मिलेगी मजबूती

इस अधिनियम के लागू होने से राज्य में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस नीति को मजबूती मिलेगी। लघु एवं मध्यम व्यापारियों को कानूनी सरलता, महिला श्रमिकों की भागीदारी में वृद्धि, नए रोजगार के अवसर तथा संगठित क्षेत्र में श्रमिकों को बेहतर अधिकार मिलेंगे। यह अधिनियम छत्तीसगढ़ को न केवल व्यावसायिक दृष्टि से, बल्कि सामाजिक और आर्थिक रूप से भी अधिक समावेशी और प्रगतिशील राज्य के रूप में स्थापित करने में मददगार होगा।

## खबर संक्षेप



### कमल वर्मा फिर बने फेडरेशन के संयोजक

रायपुर। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की प्रांतीय बैठक रायपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में हुई। इस प्रांत स्तरीय आमसभा में कमल वर्मा को पुनः फेडरेशन का निर्विरोध संयोजक चुना गया। फेडरेशन के प्रांतीय प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी एवं जीआर चंद्रा ने बताया कि आमसभा में कमल वर्मा ने अपने बीते पांच वर्षों के कार्यकाल में कर्मचारी हित में किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। फेडरेशन द्वारा आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में उत्तर रायपुर के विधायक पुरंदर मिश्रा को उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। श्री मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि वे सदैव कर्मचारियों की मांगों के समाधान के लिए शासन एवं कर्मचारी संगठनों के बीच एक सेतु की भूमिका निभाते रहेंगे।

### नेशनल स्ट्रीट वेंडर्स एसो. के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बने आलोक



रायपुर। नेशनल स्ट्रीट वेंडर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल्ली के वेंडर लीडर सागर यादव चुने गए। छत्तीसगढ़ में आलोक पांडेय को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। नेशनल स्ट्रीट वेंडर्स एसोसिएशन ने वरिष्ठ निर्वाचन अधिकारी तथा समाजसेवी अनिल प्रधान की देखरेख में यह चुनाव हुआ। अन्य पदाधिकारियों में राष्ट्रीय महामंत्री अभिषेक निगम बनारस, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार प्रीतम सिंह ओडिशा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष गोपाल सिंग लोदी, मुख्य संयोजक अनवर सिराहटी कर्नाटक, राष्ट्रीय मार्गदर्शक महेश्वर बल ओडिशा, राष्ट्रीय कार्यकारी महामंत्री साही आदिल, राष्ट्रीय उपमंत्री सतीश गौड़, अक्षिता सोलंकी के साथ ही अन्य पदाधिकारी निर्वाचित हुए।

### डॉ. आंबेडकर के विचार जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प



रायपुर। राजधानी रायपुर में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के पूर्व रविवार को सामाजिक संस्था आंबेडकर अधिकार मंच के अध्यक्ष, सामाजिक न्याय कार्यकर्ता, अधिवक्ता भगवानू नायक के नेतृत्व में झुग्गी बस्तियों में रहने वाले समाज के अंतिम व्यक्ति तक बाबा साहब के विचारों को पहुंचाने का संकल्प लिया गया। साथ ही डॉ. आंबेडकर के जीवन चरित्र, संघर्ष और समतामूलक समाज के निर्माण के लिए उनके विचारों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य गरीब, वंचित और शहरी झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को बाबा साहेब के संवैधानिक मूल्यों, शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों से जोड़ना है। इस अवसर पर मंच के जिलाध्यक्ष आशीष तांडी, जितेंद्र नायक, संतोष क्षत्री, आनंद मुग्री आदि उपस्थित थे।

## निधन

### कौशल्या ज्ञानचंदानी



रायपुर। कटोरा तालाब निवासी कौशल्या ज्ञानचंदानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 अप्रैल को सुबह 11 बजे न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे प्रकाश एवं जितेंद्र ज्ञानचंदानी की माताजी थी।

---

लेटलतीफ ट्रेनें, गंदे कोच और खराब एसी... फिर भी शिकायत पुस्तिका में सन्नाटा

# रेलवे स्टेशन में नहीं भर पा रही शिकायत पुस्तिका, एप पर गर्म है यात्रियों का गुस्सा


ललित राठोड़ ▶▶| रायपुर


हरिभूमि सरोकार

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की शिकायतों और सुझावों के लिए रखी गई 'यात्री समस्या पुस्तिका' केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। स्टेशन के पार्सल ऑफिस, आरक्षण केंद्र और पूछताछ काउंटरों पर उपलब्ध यह पुस्तिका धूल फांक रही है, क्योंकि या तो यह यात्रियों को समय पर नहीं दी जाती या फिर जिम्मेदार कर्मचारी इससे बचते नजर आते हैं।

हरिभूमि की टीम ने रविवार को यात्री बनकर स्टेशन में पुस्तिका की पड़ताल की, जहां शिकायत पुस्तिका को लेकर वास्तविक स्थिति सामने आई। पार्सल ऑफिस में जब टीम ने पुस्तिका मांगी तो कर्मचारी टालमटोल करते दिखे। आरक्षण केंद्रों और खानपान के स्टॉल्स पर भी यही रवैया सामने आया। यात्रियों की शिकायत है कि रेलवे द्वारा भले ही पुस्तिका में की गई शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई का दावा किया जाता है, लेकिन उन्हें पुस्तिका आसानी से उपलब्ध ही नहीं कराई जाती। जबकि कुछ जागरूक यात्री ही हैं, जो कठिनाई से पुस्तिका हासिल कर पाते हैं और अपनी शिकायतें दर्ज करते हैं।

**रेल मदद एप पर मंडल को प्रतिदिन ऑनलाइन मिल रहीं दर्जनभर से अधिक शिकायतें**



### छह महीने में सिर्फ 30 शिकायतें

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की समस्याओं के समाधान के लिए रखी गई यात्री समस्या एवं सुझाव पुस्तिका में यात्रियों की रुचि न के बराबर दिख रही है। हालत यह है कि छह महीने में अलग-अलग विभागों को मिली पुस्तिका में 30 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं, जबकि स्टेशन से प्रतिदिन हजारों यात्री यात्रा करते हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यात्रियों द्वारा दर्ज की गई शिकायतों में सबसे अधिक मुद्दे ट्रेनों की लेटलतीफी, गलत सूचना देने और एसी कोच की खराब स्थिति से जुड़े होते हैं। इसके उलट, रेल मदद एप पर हर महीने हजारों शिकायतें दर्ज की जाती हैं। एक दिन में औसतन दर्जनों शिकायतें मिलती हैं। पुस्तिका में दर्ज शिकायतों पर रेलवे ने तत्काल कार्रवाई की है।

### 80 प्रतिशत शिकायतें ट्रेन से जुड़ी

यात्रियों को शिकायत पुस्तिका में अपनी समस्या दर्ज कराने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। यही कारण है कि अब अधिकतर यात्री सीधे 'रेल मदद' एप के माध्यम से शिकायत करना ज्यादा आसान समझते हैं। इस एप पर दर्ज शिकायतों का समाधान औसतन 10 से 15 मिनट के भीतर किया जा रहा है और यात्रियों को इसकी जानकारी सीधे उनके मोबाइल पर भेज दी जाती है। जबकि शिकायत पुस्तिका के माध्यम से प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी और जटिल होती है। बीते एक वर्ष में दर्ज शिकायतों में सबसे अधिक मामले ट्रेनों की लेटलतीफी, कोच में गंदगी, वातानुकूलन (एसी) की खराबी, बेडरोल की गुणवत्ता को लेकर मिली हैं। रेलवे को मिलने वाली कुल शिकायतों में से लगभग 80 प्रतिशत ट्रेन से संबंधित होती हैं, जबकि 20 प्रतिशत शिकायतें स्टेशन परिसर की सुविधाओं को लेकर दर्ज की जाती हैं।

## बलदेव अध्यक्ष, हरपाल बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रामगढ़िया सेवक सभा के नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसमें सरदार बलदेव सिंह भुई को अध्यक्ष और हरपाल सिंह भामरा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही ओंकार सिंह मुद्दड़ को सचिव नियुक्त किया गया है। अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई, जिसमें 5 उपाध्यक्ष, एक सचिव, दो सहसचिव, एक कोषाध्यक्ष, दो सह कोषाध्यक्ष और दो पीआरओं की नियुक्ति की गई है। साथ ही पांच बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की भी नियुक्ति की गई है। पदाधिकारियों का कार्यकाल 3 साल का होगा। निवृत्तमान अध्यक्ष जसविंदर सिंह राणा ने नए अध्यक्ष बलदेव सिंह भुई की पूरी टीम को बधाई देते हुए भविष्य में बेहतर काम करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

■ रामगढ़िया सेवक सभा के नए पदाधिकारियों की घोषणा

जारी सूची के अनुसार अध्यक्ष - बलदेव सिंह भुई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष- हरपाल सिंह भामरा, जगदीश सिंह जब्बल, अटल सिंह हंसपाल, सुरेन्द्र सिंह हंसपाल, गुरुबचन सिंह भामरा, सुखविन्दर सिंह भामरा को उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है।

ओंकार सिंह मुद्दड़ को सचिव पद पर हरदीप सिंह भामरा को सुरेन्द्र सिंह बाड़े को सहसचिव पद पर मलकीयत सिंह रीहल को कोषाध्यक्ष, चरणजीत सिंह पनेसर और रविराज फ्लोरा को उपकोषाध्यक्ष, तेजपाल सिंह हंसपाल और अमरदीप सिंह चग्गर को पीआरओ पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में जसविंदर सिंह राणा, मनजीत सिंह पनेसर, चरणजीत सिंह हुंजन, सुखदेव सिंह नोते और डॉ. सुरेंद्र सिंह मथारू को शामिल किया गया है।

**20 किलो गांजा बरामद, अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार : रायपुर।** गंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो अंतर्राज्यीय तस्करों के कब्जे से दो लाख रुपए कीमत का 20 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में राजस्थान बारा निवासी आकाश कुशवाहा तथा मध्यप्रदेश के साजापुर निवासी निलेश मालवीय को गिरफ्तार किया है। दोनों को पुलिस ने नहरपारा के पास संदिग्ध अवस्था में घूमते पकड़ा। पकड़े गए तस्कर ओडिशा से गांजा तस्करी कर लाए थे।

## बृजमोहन ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, पुलिस बल बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में लगातार बढ़ते अपराध, यातायात की गंभीर समस्याओं और पुलिस बल की भारी कमी को लेकर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर राजधानी और जिले की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए तत्काल रिक्त पदों की भर्ती एवं अतिरिक्त पुलिस बल स्वीकृत करने की मांग की है।



श्री अग्रवाल ने पत्र में उल्लेख किया है कि राजधानी रायपुर की जनसंख्या आज 16 लाख से अधिक हो चुकी है, वहीं रायपुर, बिरगांव, माना, मंदिर हसौद जैसे क्षेत्रों को जोड़ दें तो यह आंकड़ा 30 लाख से ऊपर पहुंचता है। साथ ही लगातार हो रहे वीवीआईपी मूवमेंट, साइबर अपराधों में वृद्धि और बढ़ते ट्रैफिक दबाव के कारण पुलिस बल पर अत्यधिक भार पड़ा है। वर्तमान में रायपुर जिले में 3805 पुलिस पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 796 पद रिक्त हैं। आरक्षकों के 2738 स्वीकृत पदों के विरुद्ध केवल 2007 पद ही भरे हुए हैं, जिससे आमजन को असुविधा और पुलिस बल को कार्य संचालन में कठिनाई हो रही है। श्री अग्रवाल ने पत्र में उल्लेख किया कि रायपुर में पंजीकृत वाहनों की संख्या 17 लाख से अधिक हो चुकी है, जबकि बीपीआर एंड डी के मानकों के अनुसार 2388 बल की आवश्यकता है, लेकिन वर्तमान में मात्र 416 यातायात कर्मी उपलब्ध हैं। सांसद ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि रायपुर जिले में रिक्त पुलिस पदों की शीघ्र भर्ती कराई जाए तथा राजधानी के बढ़ते स्वरूप के अनुसार अतिरिक्त पुलिस बल की स्वीकृति दी जाए, ताकि अपराध नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन और आम नागरिकों की सुरक्षा को प्रभावी बनाया जा सके।

## ब्रेक के बाद जेएन मेडिकल कॉलेज के 166 संविदा पदों पर भर्ती की फिर कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में फैकल्टी की कमी दूर करने 166 विभिन्न पदों पर भर्ती की फिर कोशिश की जाएगी। इसमें विभिन्न विभाग के चिकित्सकों के साथ कार्डियक सर्जरी विभाग के 11 पद भी शामिल हैं। दिसंबर में 210 पदों पर भर्ती के लिए वॉक इन इंटरव्यू आयोजित किया गया था, जिसमें केवल डेढ़ दर्जन चिकित्सा शिक्षक मिले थे।

■ दिसंबर में 210 पदों पर भर्ती के प्रयास, मिले थे डेढ़ दर्जन चिकित्सा शिक्षक

राज्य के सबसे बड़े शासकीय मेडिकल कॉलेज में रिक्त पदों पर संविदा भर्ती के लिए 16 अप्रैल को इंटरव्यू होगा। व्यापक स्तर पर निकली इस भर्ती से फैकल्टी की समस्या काफी हद तक दूर होने की उम्मीद है। संविदा आधार पर भर्ती के लिए समय-समय पर इंटरव्यू का आयोजन किया जाता है, मगर चुनाव आचार संहिता की वजह से इसे पूरा नहीं किया जा सका था। अप्रैल महीने में भी रिक्त पदों पर संविदा आधार पर चिकित्सकों की तलाश में इस भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। भर्ती के लिए सहायक प्राध्यापक के 52, सीनियर रेसीडेंट नियमित के 10, संविदा के 80, प्रदर्शक के 4 तथा कार्डियक सर्जरी विभाग के 11 सहायक प्राध्यापक एवं सीनियर रेसीडेंट के 10 नवीन सृजित पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाएगी। कार्डियक सर्जरी विभाग के साथ कई अन्य विभाग में भर्ती की पिछली बार भी कोशिश की गई थी, मगर कई पद तो ऐसे थे, जिसके लिए एक भी आवेदक सामने नहीं आए थे। सूत्रों के मुताबिक, इसकी बड़ी वजह सरकारी अस्पतालों में निजी की तुलना में कम वेतन है।

### इन विभागों में होगी भर्ती

सहायक प्राध्यापक के 51 पदों में एनॉटॉमी, फिजियोलॉजी में 2-2, फार्माकोलॉजी, माइक्रोबॉयलॉजी, फोरेंसिक मेडिसिन में 1-1, पीएसएम में 4, मेडिसिन में 7, कार्डियोलॉजी एवं एनेस्थिसिया के 1-1, सर्जरी एवं आर्थो के 4-4, ईएनटी के 1, एनेस्थिसियालॉजी के 2, रेडियोडायग्नोसिस के 6, रेडियोथेरेपी 7, क्रिटिकल केयर एवं त्वचारोग में 1-1, थोरेसिक सर्जरी में 4, सीनियर रेसीडेंट में कार्डियोलॉजी 2, क्रिटिकल केयर 4, प्रदर्शक के एनॉटामी में 1, फिजियोलॉजी में 3, संविदा एसआर के 80, सीटीवीएस विभाग अंतर्गत असिस्टेंट प्रोफेसर के 3, जनरल मेडिसिन के 2, पीडियाट्रिक के 3, एनीस्थिसिया के 1, कार्डियक एनीस्थिसिया के 2, एसआर सीटीवीएस एवं जनरल मेडिसिन में 3-3, जनरल एनीस्थिसिया एवं कार्डियक एनीस्थिसिया में 2-2 पद शामिल हैं।




**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 09.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका चन्द्रवती तिवारी पति स्व.राममणी तिवारी निवासी रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम जुलुम प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 444/9 रकबा 0.06 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार खोरपा के आदेश के परिपालन में दिनांक 16.04.2025 को समय 11:00 बजे पश्चात मेरे द्वारा रखा गया है।

उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो उल्लेखित तिथी को ग्राम जुलुम स्थित पटवारी कार्यालय में मय दस्तावेज नियत समय तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथी पश्चात् किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**राजस्व निरीक्षक, खोरपा**

## राज्यों की कला-संस्कृति में दिखी अनेकता में एकता की भावना

रायपुर। राजभवन में केन्द्र सरकार के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ में निवास करने वाले ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश एवं राजस्थान के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। राज्यपाल ने स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को बधाई दी एवं अरुणाचल प्रदेश, राजस्थान और ओडिशा राज्यों का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने इस अवसर पर कहा कि जब हम एक-दूसरे की संस्कृति को समझेंगे, स्वीकार करेंगे और उसका सम्मान करेंगे तभी सशक्त भारत का निर्माण होगा।



### संस्कृति एक-दूसरे से मिलती-जुलती है

ओडिशा प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रायपुर उत्तर विधायक पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़िया और ओड़िया भाई-भाई हैं। दोनों राज्यों की संस्कृति एक-दूसरे से बहुत मिलती-जुलती है। छत्तीसगढ़ में 35 लाख ओड़िया भाई रहते हैं।

## पेज 11 के शेष ...

### ऐसी लापरवाही, टैंक...

**लंबे अरसे से टैंक बंद करने मांग :** जिस सैप्टिक टैंक में बच्चे गिरे थे, वह एक माह से ज्यादा समय से खुला हुआ है। स्थानीय रहवासी बदबू से परेशान हैं। टैंक बंद करने स्थनीय रहवासी लंबे अरसे से मांग कर रहे हैं। बावजूद इसके निगम प्रशासन ने सैप्टिक टैंक बंद करने पर ध्यान नहीं दिया, इसके चलते सात साल के मासूम की टैंक में डूबने से मौत हो गई।

### एक और मासूम...

पुत्र कुशांत पानी से भरे गड्ढे में गिर गया। गड्ढे में गिरे कुशांत को पास से गुजर रहे एक बाइक चालक ने देखा। चालक ने तुरंत बाइक रोककर बच्चे को गड्ढे से बाहर निकाला और एक बड़ी घटना टल गई।

### टैंक इतना गहरा कि...

गिरने से भी मौत हो सकती है। इस संबंध में जोन 7 में हाल ही में पदस्थ किए गए कमिश्नर राकेश शर्मा से संपर्क किया तो उनका कहना है कि उन्होंने अभी ज्वाइन नहीं किया है, इस वजह से उसे घटना की जानकारी नहीं है।



# निस्तारी का ऐसा संकट...तालाब-एनीकट भरने 20 बांधों से छोड़ा गया पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में गर्मी की शुरुआत के साथ ही जलसंकट से निपटने गांवों से मांग आने पर निस्तारी के लिए बांधों से पानी छोड़ने का निर्णय लिया गया है। पिछले दिनों इस संबंध में हुई बैठक में गर्मी के दौरान पेयजल की कमी से निपटने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बांधों के पानी से तालाब भरने के निर्देश दिए थे। प्रदेश के बांधों में पानी उपलब्धता के अनुसार पिछले एक पखवाड़े में बांधों में 45.69 प्रतिशत जलभराव था, जो घटकर 36.36 प्रतिशत हो गया है। 20 बांधों से गांवों के तालाब और एनीकट में पानी भरने का प्रयास किया जा रहा है। कई बांधों में तेजी से पानी कम होता जा रहा है, सिंचाई विभाग पानी छोड़ने के साथ ही इसकी मॉनिटरिंग कर रहा है।

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश में इस साल मार्च से ही गांवों में पानी की किल्लत हो रही है। यहां निस्तारी के लिए पानी का मांग उठने लगी है। वहीं पिछले साल की तुलना में इस बार बांधों में 20 से 30 फीसदी जलभराव कम है। अधिकतर बड़े जलाशयों में बारिश में पर्याप्त जलभराव हुआ है, लेकिन अब मार्च के अंत तक आते-आते बांधों में जलभराव का स्तर कम होने लगा है।

सिंचाई विभाग का कहना है कि इस बार दिसंबर और जनवरी में ज्यादा बारिश नहीं हुई। इसका असर नदी-नालों और जलाशयों पर पड़ रहा है। नतीजा यह रहा कि प्रदेश के बड़े बांधों में शामिल गंगरेल, बांगो समेत अन्य मध्यम व छोटे बांधों में जलभराव वर्ष 2023 और 2024 के मुकाबले सबसे कम हुआ है।

### बांधों में 36 फीसदी से अधिक जलभराव

प्रदेश में 12 बड़े और 34 मध्यम स्तर के बांध हैं। इन बांधों में 36 फीसदी से अधिक जलभराव की स्थिति है। वर्तमान में गंगरेल में 44.70 प्रतिशत ही जलभराव है, जबकि 2024 में यह 60.99 फीसदी था, यानी इस बार 16 फीसदी जलभराव कम है। यही स्थिति मिनीमाता बांगो बांध की है, जहां 35.17 फीसदी पानी है। यहां पिछले साल की तुलना में 18 फीसदी जलभराव कम है। मुरुमसिल्ली में पिछले बार की तुलना में इस बार करीब 38 फीसदी जलभराव कम हुआ है। हालांकि वर्ष 2023 की तुलना में इस बार इसकी स्थिति बहुत बेहतर है। वर्ष 2023 में यहां केवल 10.30 फीसदी ही जलभराव था।

## अब प्रदेश के बांधों में 36 फीसदी से अधिक जलभराव

### इन बांधों से छोड़ा जा रहा पानी

प्रदेश के करीब 20 बांधों से पानी छोड़ा जा रहा है। जिन बड़े बांधों से पानी छोड़ा जा रहा है, उनमें मिनीमाता बांगो, गंगरेल, दुधावा, सिकासार, सोंढूर, कोडार, केलो बांध से पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं खरखरा, तांदुला, मनियारी, खुड़िया, गोंदली, कोसारटेडा, परलकोट, छीरपानी और केसवा जलाशयों से पानी छोड़ा गया है। लोरमी क्षेत्र के कई गांवों के लोगों की मांग पर निस्तारी के लिए जल उपलब्ध कराने खुड़िया जलाशय से 200 क्यूसेक पानी नहर व नदी के माध्यम से छोड़ा गया है, जिससे क्षेत्र के तालाबों और मनियारी नदी पर निर्मित एनीकट को भरा जाएगा।



### गंगरेल-सोंढूर के पानी से इन क्षेत्रों की बुझेगी प्यास

गंगरेल और सोंढूर बांध से 390 तालाबों में निस्तारी के लिए पानी भरने का लक्ष्य तय किया है। अब तक 16 तालाब भरे जा चुके हैं।गंगरेल से धमतरी के अलावा रायपुर, अभनपुर, गोबरा नयापारा, बलौदाबाजार और पाटन को पेयजल के लिए पानी छोड़ा जा रहा है। गुरुवार को रूद्री बैरॉज से 3461 क्यूसेक पानी मुख्य नहर में छोड़ा जा रहा है। कई गांवों के तालाबों में पानी नहीं पहुंचा है। भूजल के गिरते स्तर को देखते हुए प्रशासन ने पानी का सदुपयोग करने की समझाइश दी है। तालाबों तक पानी पहुंचाने नाली दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### हनुमान जयंती पर भंडारा गिदवानी ने बांटा प्रसाद

**रायपुर।** हनुमान जयंती के उपलक्ष में वार्ड नंबर-57 भगवतीचरण शुक्ला वार्ड के अरविंद नगर में भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक एवं वार्डवासियों ने शामिल होकर भोग-प्रसाद ग्रहण किया। एमआईसी सदस्य एवं पार्षद अमर गिदवानी ने प्रसाद वितरित करने में सहयोग दिया।

### दूरदर्शन पर स्वास्थ्य से संबंधित कार्यक्रमों का प्रसारण आज




**रायपुर।** दूरदर्शन केंद्र रायपुर से समय-समय पर जनहित में स्वास्थ्य से संबंधित कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाता है। इस कड़ी में 14 अप्रैल को शाम 6 बजे युवाओं में हृदयाघात की समस्या का कारण, रोकथाम और उपचार विषय पर कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ के रूप में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. हंसराज गजभिये संबंधित विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम का संचालन दीपेंद्र कुमार दीवान करेंगे। केंद्र के कार्यक्रम प्रमुख प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की परिकल्पना एवं निर्देशन में इस कार्यक्रम के प्रस्तुतकर्ता, कार्यक्रम अधिशासी बालकृष्ण श्रीवास्तव हैं। ज्ञात हो कि दूरदर्शन छत्तीसगढ़, टाटा प्ले चैनल नं. 1174 एवं डीडी फ्री डिश पर देखा जा सकता है।

### 'कोसलपुत्री' पुस्तक का विमोचन आज, सम्मान समारोह भी

**रायपुर।** जय जोहार साहित्य एवं संस्कृति संस्थान एवं वैभव प्रकाशन रायपुर की ओर से 14 अप्रैल को एक अनूठे पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। संस्था की अध्यक्ष डॉ. सीमा निगम ने बताया कि छत्तीसगढ़ में इस तरह का आयोजन पहली बार हो रहा है। छत्तीसगढ़ की विशिष्ट महिला प्रतिभाओं पर आधारित कोसलपुत्री नामक पुस्तक दो भागों में प्रकाशित की गई है। इसकी संपादक डॉ. सीमा निगम, डॉ. तृषा शर्मा हैं। छत्तीसगढ़ की ही महिला रचनाकारों ने इसे शोध आलेख के रूप में तैयार किया है। जिन महिलाओं के बारे में पुस्तक में विवरण है, उन महिलाओं को भी कार्यक्रम में आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही 108 महिला रचनाकारों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशल्या देवी साय, अति विशिष्ट अतिथि महापौर मीनल चौबे, विशिष्ट अतिथि छग राजभाषा आयोग की सचिव अभिलाषा बेहार, बिलासपुर की वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रश्मिलता मिश्रा होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता छग साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा करेंगे।

## व्यापम ने आयोजित की थी सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा

# व्यापम को अर्जी मिली 37 हजार, आए 15% यूपीएससी का पर्चा दिलाने पहुंच गए 72%

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकप्रियता के मामले में संघ लोक सेवा आयोग स्थानीय परीक्षा एजेंसियों पर भारी पड़ता नजर आ रहा है। रविवार को व्यावसायिक परीक्षा मंडल और यूपीएससी द्वारा भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। व्यापम की परीक्षा में जहां सिर्फ 15.01 प्रतिशत लोग ही पहुंचे तो वहीं यूपीएससी की परीक्षा में 71.5 प्रतिशत कैंडिडेट्स पहुंचे रहे। व्यापम द्वारा सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। इसके लिए 37 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे। मात्र 17 पदों के लिए यह भर्ती निकाली गई थी। अक्टूबर 2023 में जारी हुए विज्ञापन के बाद लगभग डेढ़ साल बाद रविवार को व्यापम ने परीक्षा ली।

परीक्षा राज्य के सभी संभागीय मुख्यालयों में आयोजित की गई। जिला स्तर पर निगरानी करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए थे। रायपुर में इसके लिए 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। रायपुर में 10 हजार 185 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से सिर्फ 1 हजार 592 ही परीक्षा दिलाने पहुंचे। स्थिति यह रही कि कई केंद्रों में परीक्षा कक्ष में 5-6 अभ्यर्थी ही नजर आए। गौरतलब है कि शासन द्वारा भर्ती परीक्षाओं को निशुल्क किए जाने के बाद से ही यह स्थिति निर्मित हो रही है। युवा थोक में आवेदन कर रहे हैं, लेकिन परीक्षा दिलाने 20 प्रतिशत भी नहीं पहुंच रहे हैं।





■ यूपीएससी द्वारा रखी गई थी नेशनल डिफेंस अकेडमी परीक्षा और कंबाइंड डिफेंस सर्विस परीक्षा

### डिफेंस अकेडमी के लिए मिले थे 1731 आवेदन

सेना में ऑफिसर बनने के लिए युवा उत्साहित नजर आए। यूपीएससी ने रविवार को दो परीक्षाएं आयोजित की। इसमें नेशनल डिफेंस अकेडमी परीक्षा और कंबाइंड डिफेंस सर्विस परीक्षा शामिल रही। इसमें नेशनल डिफेंस अकेडमी एंड नेवल अकेडमी के लिए रायपुर में 4 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसके लिए 1731 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 1237 परीक्षा दिलाने पहुंचे, जबकि 496 ही अनुपस्थित रहे। इस तरह से परीक्षा दिलाने वाले अभ्यर्थियों का प्रतिशत 71.5 प्रतिशत रहा। वहीं कंबाइंड डिफेंस सर्विस परीक्षा के लिए दो केंद्र बनाए गए थे। इसके लिए 424 आवेदन मिले थे। इनमें से 55.4 प्रतिशत अर्थात 235 अभ्यर्थी परीक्षा दिलाने पहुंचे।

### गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक की निगेटिव मार्किंग

यूपीएससी एनडीए परीक्षा का आयोजन दो शिफ्ट में किया गया। पहली शिफ्ट में परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजकर 30 मिनट तक और दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजकर 30 मिनट तक हुई।प्रत्येक शिफ्ट 2 घंटे 30 मिनट अवधि की थी। यूपीएससी एनडीए परीक्षा में गणित के 300 अंकों के 120 प्रश्न और जीएटी में 600 अंकों के 150 प्रश्न थे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक की निगेटिव मार्किंग होगी। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों के मुताबिक, गणित के सवाल अपेक्षाकृत कठिन रहे।

### व्यापम ने पूछा- गंगा नहाना का मतलब

सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा के अंतर्गत पूछे गए कई सवाल अत्यंत रोचक रहे। इसमें अभ्यर्थियों से गंगा नहाने का मतलब पूछा गया। जिसका कोई मूल्य ना आंका जा सके उसे एक शब्द में क्या कहते हैं, कर्क रेखा छग के किस जिले से होकर गुजरती है, छग में धान खरीदी प्रक्रिया का क्रम, परंपरागत ऊर्जा संबंधित योजनाओं का क्रम, छग विधानसभा अध्यक्षों का क्रम, छग की भाटा मिट्टी को क्या कहते हैं, छग के किस वंश के शासकों ने त्रिकलिंगाधिपति की उपाधि धारण की थी सहित राज्य के औद्योगिक क्षेत्र जैसे सवाल पूछे गए।

# सूचना देने पहुंचे युवक पर एफआईआर, एनएसयूआई ने घेरा थाना, किया हंगामा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ पुलिस थाने में मारपीट का मामला, आधा दर्जन युवकों पर एफआईआर

बीते सप्ताह पुलिस थाने के भीतर युवकों द्वारा मारपीट का मामला सामने आया था। एसआई संग हाथापाई के मामले में आधा दर्जन युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

युवकों पर सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप लगा है। इनमें से एक युवक पर पुलिस द्वारा जबरन एफआईआर किए जाने का आरोप एनएसयूआई ने लगाया है। इसे लेकर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एक दर्जन युवकों ने आमानाका थाने का घेराव रविवार को किया। एनएसयूआई की मांग है कि पुलिस द्वारा सीसीटीवी की जांच की जाए और इसके बाद केवल दोषी युवकों पर ही कार्रवाई की जाए। लगभग एक घंटे तक युवा पुलिस थाने में ही डटे रहे। इस दौरान वे फर्श पर बैठकर नारेबाजी करते रहे। ज्ञापन सौंपने और पुलिस द्वारा उचित जांच का आश्वासन दिए जाने के बाद ही वे थाने से लौटे।

### ढाबे में हुआ था विवाद

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शांतनु झा के अनुसार, दो पक्ष आपस में झगड़ रहे थे। इसी दौरान प्रवीण सरोज वहां से गुजर रहा था। वह सूचना देने के लिए थाने पहुंचा, लेकिन उसे भी पुलिस ने आरोपी बना दिया। जबकि उक्त युवक द्वारा किसी तरह की मारपीट अथवा हाथापाई नहीं की गई है। एनएसयूआई ने इस मामले में थाना प्रभारी को जांच कर एफआईआर रद्द करने की मांग की है। गौरतलब है कि शुक्रवार देर रात आमानाका स्थित एक ढाबा के संचालक और युवक के मध्य विवाद हुआ था। ढाबा संचालक शिकायत करने थाने पहुंचा तो उनके साथ युवक भी पहुंच गए। इसी दौरान युवकों ने पुलिस से भी धक्का-मुक्की की थी।

# जल-तालाब संरक्षण के लिए महापौर और सभापति से भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ ग्रीन आर्मी संस्था ने सौंपा ज्ञापन

शहर के महत्वपूर्ण जलस्रोतों और ऐतिहासिक तालाबों के संरक्षण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराते हुए ग्रीन आर्मी के एक सक्रिय दल ने शनिवार को महापौर मीनल चौबे एवं सभापति सूर्यकांत राठौर से मुलाकात की।

इस दौरान टीम ने शहर के लगभग 150 तालाबों की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में इन जीवनदायिनी जल निकायों के गहरीकरण, वैज्ञानिक जल शुद्धिकरण, उनके चारों ओर व्याप्त अवैध अतिक्रमणों को प्राथमिकता से हटाने, नियमित और प्रभावी सफाई सुनिश्चित करने और सबसे महत्वपूर्ण रूप से शहर की नालियों के दूषित जल को इन तालाबों में सीधे जाने से रोकने के लिए ठोस और दीर्घकालिक उपायों की आवश्यकता पर बल दिया। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने महापौर को शहर के कुछ प्रमुख और ऐतिहासिक तालाबों, जिनमें बूढ़ा तालाब, महाराजबंद तालाब, शीतला तालाब, गजराज बांध तालाब, राजा तालाब एवं सरजूबांधा तालाब प्रमुख की वर्तमान दयनीय स्थिति से अवगत कराया। महापौर श्रीमती चौबे ने जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए ग्रीन आर्मी के साथ मिलकर कार्य करने की सहर्ष सहमति व्यक्त की। इस दौरान रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा, मोनिका बागरेचा, डॉ. भारती श्रीवास्तव, विनीत शर्मा एवं प्रमुख सदस्य भी उपस्थित रहे।

# सीएम साय बोले- पंचतीर्थ और संविधान दिवस से नई पीढ़ी बाबा साहब से ले रही प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, भारत का संविधान हर नागरिक के लिए पवित्र ग्रंथ है, जो हमें गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार देता है। हमारा विशाल लोकतंत्र संविधान की मजबूत नींव पर खड़ा है और बाबा साहब इस ग्रंथ के शिल्पकार थे। पंचतीर्थ और संविधान दिवस से नई पीढ़ी बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर से प्रेरणा ले रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने रविवार को राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब से जय भीम पदयात्रा का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री स्वयं इस पदयात्रा में युवाओं के साथ शामिल हुए और पदयात्रा के अंतिम पड़ाव में आंबेडकर चौक स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं के साथ संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया और संविधान की मूलभावना के प्रति निष्ठा और प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए प्रिएम्बल वॉल पर अपने हस्ताक्षर किए। जय भीम पदयात्रा का आयोजन छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग और नेहरू युवा केंद्र संगठन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था।

■ मुख्यमंत्री युवाओं के साथ जय भीम पदयात्रा में हुए शामिल




### क्या है पंचतीर्थ

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मध्यप्रदेश के मऊ में जन्म लेकर कठिन संघर्षों के बाद बाबा साहब ने उच्च शिक्षा प्राप्त की और भारत जैसे विशाल लोकतंत्र को एक समावेशी और शक्तिशाली संविधान दिया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहब के जीवन से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों को 'पंचतीर्थ' के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है, जिससे नई पीढ़ी उनके विचारों से प्रेरणा ले सके। साथ ही संविधान दिवस की घोषणा कर देशवासियों को संविधान के प्रति समर्पण का संदेश दिया है। कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का पूरा जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। मुख्यमंत्री ने समाज में विशिष्ट योगदान देने वाले युवाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा, खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा, मोतीलाल साहू, युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप सहित बड़ी संख्या में युवा, स्कूली बच्चे और आमजन उपस्थित थे।

### थाने के पास युवक पर चाकू से हमला, एक आरोपी गिरफ्तार




■ आजाद चौक थाना क्षेत्र में चाकूबाजी

**रायपुर।** राजधानी में अपराध का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आजाद चौक थाना क्षेत्र में एक बार फिर चाकूबाजी की घटना हो गई। घटना थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर हुई, जहां बदमाशों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया और फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक, घायल युवक कुंदन कुमार शाम के समय अपने घर से बाहर निकला था। शीतला मंदिर के पीछे उसे रोककर कुछ बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में कुंदन के बाएं हाथ पर गंभीर चोट आई है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक आरोपी सौरव को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार बाहरी युवकों की भीड़ लगती है, जो तालाब के किनारे शराब पीते और जुआ खेलते हैं। मोहल्लेवासियों ने कई बार आजाद चौक थाने में इसकी शिकायत भी की, लेकिन पुलिस इस पर ध्यान नहीं देती, इसलिए स्थिति जस के तस बनी हुई है। वार्डवासियों का आरोप है कि पुलिस गश्त नहीं करती, इससे असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं और आए दिन वारदातें हो रही हैं।

# आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को राज्य सरकार से मिलेगी मदद

■ राज्य सरकार की राहत एवं पुनर्वास नीति 2025 लागू

■ बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक निशुल्क एवं प्राथमिकता आधारित शिक्षा दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नक्सल क्षेत्रों में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से नक्सलवादी आत्मसमर्पण पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति 2025 लागू की है। इस नीति के अंतर्गत आत्मसमर्पण करने वाले सक्रिय ईनामी नक्सलियों और उनके परिवारजनों को शिक्षा, रोजगार एवं वित्तीय सहायता जैसी कई महत्वपूर्ण सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

खास खबर

### सरकारी सेवा में नियुक्ति

यदि किसी आत्मसमर्पित नक्सली ने नक्सलियों के विरुद्ध अभियान में पुलिस को विशेष सहयोग दिया है और इसके कारण उसकी जान व संपत्ति को खतरा उत्पन्न हुआ है तो ऐसे प्रकरणों में उसे पुलिस विभाग के आरक्षक या समकक्ष पद पर नियुक्त किया जा सकेगा। अन्य विभागों में नियुक्ति के लिए जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा आवश्यक होगी। साथ ही 5 लाख रुपए या उससे अधिक के ईनामी नक्सली के आत्मसमर्पण की स्थिति में पात्रता रखने पर नक्सली अथवा उसके परिवार के किसी एक सदस्य को शासकीय सेवा में नियुक्ति का अवसर दिया जाएगा। यदि किसी कारणवश सेवा नहीं दी जा सकती तो ऐसे आत्मसमर्पित को एकमुश्त 10 लाख की राशि सावधि जमा के रूप में दी जाएगी। यह राशि 3 वर्षों के अच्छे आचरण के पश्चात एकमुश्त हस्तांतरित की जाएगी।



### शिक्षा एवं छात्रवृत्ति की विशेष व्यवस्था

छत्तीसगढ़ सरकार ने आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं उनके बच्चों की शिक्षा के लिए भी व्यापक प्रावधान किए हैं। बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक निशुल्क एवं प्राथमिकता आधारित शिक्षा शासकीय एवं आवासीय विद्यालयों में दी जाएगी। छात्रावास की सुविधा आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा प्रदान की जाएगी। यदि आत्मसमर्पित नक्सली या उनके बच्चे निजी शिक्षण संस्थानों में पढ़ना चाहें तो उन्हें शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आरक्षित सीट पर प्रवेश एवं अनुदान राशि प्रदान की जाएगी। इच्छुक आत्मसमर्पित स्वयं भी शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं, जिसके लिए संबंधित विभागों की योजनाओं के अंतर्गत सहायता दी जाएगी। यह नई नीति राज्य में शांति एवं विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे न केवल आत्मसमर्पित नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिलेगी, बल्कि उनके परिजनों का भविष्य भी सुरक्षित किया जा सकेगा।



02



612 दिव्यांगों की उम्मीद की किरण बने ...


## जॉब लाइव

# वैज्ञानिक सहायक के पदों पर निकली भर्ती, 2 मई से कर सकेंगे आवेदन



**रायपुर।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने वैज्ञानिक सहायक के पदों पर भर्ती निकाली है। जारी सूचना के मुताबिक, कुल 23 पदों पर भर्ती निकाली गई है। इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 02 मई से शुरू होगी। इस वैकेंसी के लिए अप्लाई करने के इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट jssc.jharkhand.gov.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। झारखंड कर्मचारी चयन की ओर से जारी आधिकारिक नोटिफिकेशन के अनुसार, वैज्ञानिक सहायक प्रतियोगिता परीक्षा-2025 के माध्यम से वैज्ञानिक सहायकों के पदों पर भर्ती की जाएगी। यह नियुक्ति राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, रांची में की जाएगी। कुल 23 पदों में नियमित रिक्त के 14 एवं बैकलॉग नियुक्ति के नौ पद शामिल हैं। रेग्यूलर वैकेंसी में फिजिक्स, जनरल केमिस्ट्री, विष विज्ञान, सीरम विज्ञान, डीएनए और साइबर फॉरेंसिक में वैज्ञानिक सहायकों के पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इस भर्ती से जुड़ी अहम तिथि और आवेदन करने के लिए आसान स्टेप्स सहित अन्य जानकारी नीचे दी जा रही है जिसे उम्मीदवार चेक कर सकते हैं।

### 14 मई तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे

झारखंड वैज्ञानिक सहायकों की भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट **jssc.jharkhand.gov.in** पर जाना होगा। अब, होमपेज पर उपलब्ध **Scientific Assistants** जॉब्स भर्ती लिंक पर क्लिक करें। यहां उपलब्ध लिंक एक्टिव होने पर आवेदन फॉर्म भरें। सभी जरूरी जानकारी के साथ मांगे गए दस्तावेज अपलोड करें। अब शुल्क सबमिट करें। भरे हुए एप्लीकेशन फॉर्म का प्रिंटआउट लेकर रख लें। इसके अलावा, किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी ने नर्सिंग ऑफिसर के पदों पर भर्ती निकाली है। इस भर्ती के लिए आवेदन फॉर्म 14 मई तक स्वीकार किए जाएंगे।

### अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन अब 25 अप्रैल तक

इंडियन आर्मी अग्निवीर भर्ती 2025 के लिए आवेदन करने के इच्छुक कैंडिडेट्स के लिए अहम सूचना है। इस वैकेंसी के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ा दिया गया है। आवेदन करने के इच्छुक और योग्य कैंडिडेट्स नई तिथि के अनुसार, अब 25 अप्रैल तक अप्लाई कर सकते हैं। एप्लीकेशन फॉर्म भरने के लिए कैंडिडेट्स को आधिकारिक वेबसाइट **joinindianarmy.nic.in** पर जाकर अप्लाई करना होगा। बता दें कि इसके पहले आवेदन करने की लास्ट डेट 10 अप्रैल थी, लेकिन अब लास्ट डेट में विस्तार होने से अभ्यर्थियों को अप्लाई करने के लिए कुछ और दिन का समय मिल गया है।

## सिटी इवेंट

# प्रेस क्लब में गोविंद लाल वोरा लाइब्रेरी शुरू किताबों के लिए विस अध्यक्ष ने दिए 1 लाख रुपए



**रायपुर।** स्व. मधुकर खेर स्मृति रायपुर प्रेस क्लब परिसर में रविवार को गोविंद लाल वोरा लाइब्रेरी का शुभारंभ हुआ। गोविंद लाल वोरा फाउंडेशन और रायपुर प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल हुए। डॉ. सिंह और ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल ने लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में रायपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल ठाकुर ने आगामी दिनों में प्रेस क्लब में वीडियो प्रोडक्शन स्टूडियो, फोटो गैलरी बनाने की योजना साझा की। पत्रकारों द्वारा किताब लिखने पर प्रति वर्ष दो किताबों के प्रकाशन की जिम्मेदारी प्रेस क्लब द्वारा उठाने की घोषणा की। इस मौके पर प्रेस क्लब के महासचिव वैभव शिव पांडे, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी एवं अरविंद सोनवानी समेत बड़ी संख्या में वरिष्ठ पत्रकार और प्रेस क्लब सदस्य उपस्थित रहे।



### पत्रकारों को पढ़ने-लिखने के लिए किया प्रेरित

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लाइब्रेरी में किताबों के लिए स्वनिधि से 1 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 30 दिन के भीतर किताबों के लिए राशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। वरिष्ठ पत्रकार उमेश त्रिवेदी ने कहा, भले ही वे मध्यप्रदेश से हैं, लेकिन दोनों प्रदेशों में पत्रकारिता का डीएनए एक ही रहा है। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने भी लाइब्रेरी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला और प्रेस क्लब के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित विख्यात साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल ने किताबों और पढ़ने-लिखने के महत्व के अनुभव साझा किए। राजनांदगांव की लाइब्रेरी में किताब पढ़ने की शुरुआत के प्रसंग साझा करते हुए उन्होंने पत्रकारों को पढ़ने-लिखने के लिए प्रेरित किया।

● छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज की पहल पर 11 जोड़े का आज आदर्श विवाह, निभाईं मंडप की रस्में

# रीमिक्स पर नृत्य से सजा सांस्कृतिक मंच, मंगल कलश लेकर निकलीं महिलाएं, इंडोर स्टेडियम में महाधिवेशन का आगाज

'छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज के दो दिवसीय महाधिवेशन का आगाज रविवार को सुबह 9 बजे भव्य कलश यात्रा से किया गया। इसमें पीले परिधान में समाज की 501 महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण किया। फूल चौक से निकाली गई कलश यात्रा का इंडोर स्टेडियम में समापन किया गया। वहीं, महाधिवेशन के सांस्कृतिक मंच पर विभिन्न क्षेत्र के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी रीमिक्स पर बेजोड़ डांस पेश किया। नृत्य नाटिका से गौ हत्या और नशा मुक्ति के लिए संदेश दिया।'

**रायपुर।** बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में रविवार को सामाजिक समरसता का उत्सव शुरू हुआ। मनवा कुर्मी समाज के इस आयोजन में सभी 10 राज के प्रधान और पदाधिकारी शिरकत कर रहे हैं। इसके अलावा जिन 11 जोड़ों का आदर्श विवाह सोमवार को होना है, उनके परिवार के लोग भी महाधिवेशन का हिस्सा हैं। इसके साथ ही महिलाओं ने भी पारंपरिक रूप से फूल चौक स्थित कुर्मी छात्रावास के पास स्थित डॉ. खूबचंद बघेल की प्रतिमा पर फूलों की माला अर्पित करते हुए मंगल कलश यात्रा शुरू की। यात्रा छात्रावास से तात्यापारा, कंकाली तालाब, पुरानी बस्ती होते हुए महाधिवेशन स्थल पहुंची। इसके बाद केंद्रीय अध्यक्ष खोड़सराम कश्यप, महमंत्री यशवंत सिंह वर्मा, कोषाध्यक्ष जागेश्वर बघेल, युवा अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा, महिला अध्यक्ष सरिता बघेल और रायपुर राज प्रधान जागेश्वर वर्मा ने दीप प्रज्वलित करके वार्षिक महाधिवेशन का आगाज किया।



### सजा लग्न मंडप, हाथों पर मेहंदी

*अगले क्रम में अमेटी (चनखुरी) स्वामी आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों ने रावण, दुर्गा मां, भारत माता के वेश में नृत्य नाटिका के जरिए नशा मुक्ति का संदेश दिया। स्कूल की प्रधान पाठक सावित्री वर्मा के मार्गदर्शन में इस श्रृंखला को सजाया गया। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि पूर्व सीएम भूपेश बघेल और इनके साथ विधायक व्यास नारायण कश्यप, विपिन बिहारी वर्मा, पार्षद मनोज वर्मा, जयश्री सत्यनारायण नायक मंचस्थ थे। लोककला मंच महतारी एंड ग्रुप ने गीत-संगीत से लोगों को खुशनुमा माहौल दिया। वहीं, दूसरी तरफ लग्न मंडप में 11 जोड़ों की शादी के लिए रस्में और मेहंदी सजाने का क्रम चल रहा था।*



### चूलमाटी के दौरान छलका उत्साह

युवा अध्यक्ष चंद्रकांत आदर्श विवाह की बागडोर संभाल रहे हैं। इनके मार्गदर्शन में दोपहर के चूलमाटी की परंपरा भी निभाई गई। पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ समाज के लोग इसमें शामिल हुए। महिलाओं ने आदर्श विवाह के इस आयोजन को उत्सव का रूप देने के लिए डांस भी किया। प्रभारी ने बताया कि आदर्श विवाह में इस बार धमधा राज प्रधान सत्यभामा परगनिहा के बेटे प्रियांश की शादी सोमवार को होगी। इस आदर्श विवाह में लगभग सभी राज के वर-वधू पक्ष भी शामिल हैं। इनके रहने-खाने और विवाह सम्पन्न कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किया गया है।

### समाज के गौरव को किया नमन

केन्द्रीय अध्यक्ष ने केंद्रीय ध्वज एवं दस राज के ध्वजारोहण किया। इसके बाद महान पुरोधा डॉ. खूबचंद बघेल, स्वामी आत्मानंद महाराज, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल, शिवाजी महाराज के साथ दानवीर भोला प्रसाद, तुलाराम परगनिहा के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कुर्मी गौरव गीत, स्वागत गीत के साथ ही अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद वार्षिक प्रतिवेदन पेश करने का सिलसिला शुरू हुआ।



### बिखरी सांस्कृतिक छटा, झूमे लोग

पहले दिन मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया। इसमें मुख्य अतिथि दुर्ग के सांसद विजय बघेल ने समाज के पुरोधा की दूरदर्शिता को प्रणाम किया। साथ ही समाज को संगठित करने और सामाजिक दायित्व के साथ सर्वांगीण विकास के लिए पहल की। उन्होंने आगे कहा कि इसे आगे बढ़ाने के लिए हमें और प्रयास करना होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में मन्नू लाल परगनिहा मंचस्थ रहे। सांस्कृतिक मंच पर स्वामी आत्मानंद स्कूल मांढर के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी रीमिक्स पर बेजोड़ डांस पेश किया। नृत्य नाटिका से गौ पालन का संदेश दिया। शिक्षिका संध्या साहू, देवश्री साहू, हेमलता वर्मा और उत्तरा सेन ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया था।



# गौतम गंभीर ने बच्चों को पढ़ाया क्रिकेट का पाठ

**रायपुर।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गौतम गंभीर शनिवार को एक निजी कार्यक्रम के तहत राजधानी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने क्रिकफेस्ट 2025 का विधिवत उद्घाटन किया और छात्रों से संवाद करते हुए उन्हें खेल की बारीकियों से रूबरू कराया। इस विशेष मौके पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में एक विशेष जर्सी का अनावरण भी किया गया, जो क्रिकफेस्ट के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत की गई। गंभीर ने कार्यक्रम में चयनित छात्रों के साथ एक मार्गदर्शन सत्र में हिस्सा लिया, जिसमें उन्होंने क्रिकेट के अनुभव साझा किए और युवाओं को अपने खेल कौशल को निखारने के टिप्स दिए। छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक सवाल किए, जिनका गंभीर ने सहजता से जवाब दिया।





क्रिकफेस्ट 2025 का किया उद्घाटन, उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी रहे मौजूद

# घरेलू हुनर को पहचान दिलाने दो दिवसीय महिला प्रदर्शनी आज

रायपुर। स्वावलंबी महिलाओं को प्रोत्साहित करने और उनके उत्पादों को स्थानीय मंच देने की दिशा में 14 और 15 अप्रैल को शंकर नगर स्थित अशोका रतन कम्युनिटी हॉल में दो दिवसीय समर स्पेशल प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य है ऑनलाइन मल्टीनेशनल बिज़नेस के बीच महिलाओं के छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना। आयोजिका निकिता पारेख और प्रीति पुरोहित ने बताया कि यह कार्यक्रम कांसेप्ट फॉर यू इवेंट्स इंडिया के बैनर तले आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन माहेश्वरी महिला संगठन की प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी करेंगी।

### 30 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे

छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 30 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें महिलाएं हैंडलूम, ज्वेलरी, कॉस्मेटिक, परफ्यूम, साड़ी, होम डेकोर और स्वादिष्ट व्यंजन सहित कई घरेलू व हस्तनिर्मित उत्पादों को प्रदर्शित करेंगी। इन उत्पादों को महिलाएं अपने हुनर और परिश्रम से तैयार करती हैं, और यह प्रदर्शनी उनके लिए एक शानदार अवसर साबित होगी। सोमवार को प्रातः 11 बजे शुभारंभ होगा, जो 15 अप्रैल मंगलवार रात 9 बजे तक चलेगा। इस अवसर पर महिला नेत्रीगण, समाजसेवी महिलाएं और शहर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहेंगे।

सभी गुरुद्वारों में शबद गायन में गुरुबाणी सुन मंत्रमुग्ध हुआ सिख समाज

# गुरुद्वारों में बैसाखी के पर्व पर माथा टेकने उमड़ी भीड़, रागी जत्थों के गुरुबाणी गायन से संगत निहाल

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** बैसाखी पर्व का उत्साह गुरुद्वारों में रहा। जहां सिख समाज के लोग सुविधा एवं गर्मी के लिहाज से आस-पास के गुरुद्वारों में गुरुग्रंथ साहिब को माथा टेकने के लिए रविवार को परिवार के साथ दोपहर दो बजे तक पहुंचे। इसके बाद शाम को भी स्टेशन रोड गुरुद्वारे में लोगों की भीड़ रही। उत्सव को आस्था से सराबोर करने के लिए कई गुरुद्वारों में अमृतसर साहिब के रागी जत्थों के लिए इस बैसाखी में भी दीवान सजाया गया। जहां गुरुबाणी के शबद को संगीत के साथ पेश करते हुए रागी जत्थे ने संगत को निहाल किया। इस बीच बोले सो निहाल..के जयघोष ने भक्तिमय बनाया। लोगों में आस्था का संचार करते हुए प्रमुख ग्रंथियों ने गुरुबाणी का महत्व बताया। इसे सुनने के लिए सभी गुरुद्वारों में लोग सुबह और शाम को पहुंचे।




### युवाओं ने किया गुरुबाणी का गायन

बैसाखी पर पंथ की स्थापना के महत्व को रागी जत्थे गुरुद्वारों में गुरुबाणी के रूप में पेश करने के लिए सुबह से दोपहर तक जमे रहे। पंथ के लक्ष्य, धर्म और नेकी के रास्ते पर चलने हुए जीवन में काम के लिए बताए गए रास्तों का अनुशरण करने की सीख शबद में समाहित किया। इस बार श्यामनगर गुरुद्वारा में अमृतसर दरबार साहेब से आए रागी जनरैल सिंह के जत्थे ने दीवान सजाया। अनहद संगीत अकादमी के बच्चों और युवाओं ने गुरुबाणी गायन किया। इसे सुनने के लिए समाज के लोग भारी तादाद में मौजूद थे। त्रिलोचन सिंह ने बताया कि बैसाखी पर संगत ने गुरुद्वारे में लंगर चढ़ा। यह व्यवस्था सभी गुरुद्वारा प्रबंधन द्वारा की गई थी।

### अरदास के बीच रही जयघोष की गूंज

इस कड़ी में स्टेशन रोड गुरुद्वारा में 24 फिट ऊंचे निशान साहब का निर्माण के बाद सभी साध संगत के द्वारा चोला साहब पहनाया गया। सुबह गुरुद्वारे में कुलदीप सिंह जत्थे नें गुरुबाणी कीर्तन किया। हर गुरु गोविंद गाईये अमृत वेला शबद गायन से संगत को निहाल किया। इसके बाद सभी साध संगत ने निशान साहब पर चोला पहनाया। इसके बाद गुरुद्वारे के प्रमुख ग्रंथी दया सिंग ने अरदास करते हुए केसरी निशान झुलता रहे, रंगीत नंगाडा बजता रहे, झुलते रहे निशान गुरु महराज के जयकारों ने हुए संगत में उत्साह का संचार किया। कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंग छाबडा, इंदरजीत सिंग छाबडा, कल्याण सिंग पसरिजा ने व्यवस्था संभाली।



## सिटी लाइव

# कुटुंब प्रबोधन से जागी चेतना परिवार में संस्कारों की जगाई अलख



**रायपुर।** कबीर नगर बस्ती स्थित सामुदायिक भवन में कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगल गीत से हुई। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रांत संपर्क प्रमुख मीना नशीने ने कहा कि 'हम सब मातृशक्ति हैं, हमें जीजाबाई की तरह अपने पुत्रों को संस्कारित करना है।' इसके लिए हमें त्याग, तपस्या और संगठन की भावना के साथ परिवार में संस्कारों को स्थापित करना होगा। मा. नगर संघ चालक सदाशिव गोफने ने अपने संबोधन में सभी उपस्थितों से आग्रह किया कि 'कुटुंब प्रबोधन के विचारों को अपने परिवार में आत्मसात करें, जिससे हम एक संस्कारित और संगठित समाज की दिशा में अग्रसर हो सकें। कार्यक्रम में सतनामी समाज, साहू समाज, गोंड़ समाज, उत्कल समाज, ठाकुर समाज, कुर्मी समाज, ब्राह्मण समाज, बंगाली समाज समेत विभिन्न समाजों के लोगों की भागीदारी रही। कार्यक्रम का समापन भोजन मंत्र के साथ सामूहिक सहभोज करते हुए किया गया।

### कुटुंब प्रबोधन का समझाया महत्व

कार्यक्रम के दौरान नगर कार्यवाह श्री अंशुमन गनोदवाले जी ने 'कुटुंब प्रबोधन' के महत्व को स्पष्ट करते हुए 'पंच-स' (सुखी, स्वस्थ, संपन्न, संस्कारित और सामाजिक) परिवार की अवधारणा प्रस्तुत की। उन्होंने 'छः भ' (भाषा, भूषा, भवन, भोजन, भजन एवं भ्रमण) पर बल देते हुए कहा कि भाषा- घर में मातृभाषा का उपयोग हो। भूषा- सांस्कृतिक परिधानों को अपनाएं, भवन- घरों में वंदनवार, तुलसी चौरा और पूजा स्थल अवश्य हो। भोजन- परिवार एक साथ बैठकर मोबाइल छोड़कर भोजन करें। भजन- सप्ताह में एक बार सभी सदस्य मिलकर भजन करें। भ्रमण- परिवारजन तीर्थ स्थलों का सामूहिक भ्रमण करें।

## समाज लाइव

# खजूर की डाली लेकर शांति का संदेश देने निकला मसीही समाज



**रायपुर।** शहर के चर्चों और गिरजाघरों में पवित्र सप्ताह पॉम संडे के अवसर पर मसीही समाज के लोगों ने झांकी के साथ हाथों में खजूर की डाली लेकर भव्य जुलूस का हिस्सा बनें। रविवार को मसीही समाज ने चर्चों और गिरजाघरों में आराधना की। इसके बाद सेंट पॉल्स कैथेड्रल से एक भव्य जुलूस निकाला गया। इसमें शामिल होने के लिए लोग अपने साथ खजूर की डालियों को लेकर पहुंचे थे। प्रभु यीशु के जयकारे की गूंज के साथ चर्च परिसर से होते हुए मसीही समाज के लोग आकाशवाणी तिराहा, ओसीएम चौक, राजीव गांधी चौक, छोटापारा, कोतवाली चौक, बूढ़ापारा, कालीबाड़ी चौक से वापस चर्च में पहुंचे, जहां जुलूस का समापन किया गया।

### सप्ताहभर सजेगी आयोजनों की श्रृंखला

- गुरुवार को प्रभु भोज संस्कार की स्मृति में पुण्य गुरुवार मनाया जाएगा।
- शुक्रवार को गुड फ्राइडे पर दोपहर 12 से 3 बजे तक 7 वाणियों का मनन।
- इसी प्रकार शनिवार को प्रार्थना श्रृंखला दिवस में मसीही समाज शामिल होगा।
- रविवार को ईस्टर पर्व उत्साह से मनाया जाएगा, यीशु के पुनरुत्थान की आराधना होगा।
- इसमें सुबह 4 बजे सनराइज सर्विस व 9 बजे मसीही समाज आराधना में शामिल होगा।
- इसके बाद शाम 6 बजे ईस्टर मेला का आयोजन इस बार युवा सभा द्वारा किया जाएगा।

### बिशप ने शांति के लिए की प्रार्थना

इस जुलूस की अगुवाई छत्तीसगढ़ डायसिस की बिशप डॉ. सुषमा कुमार, सचिव नितिन लॉरेंस, पादरी सुनील कुमार और कन्वीनर जॉन राजेश पॉल ने की। बिशप डॉ. सुषमा ने देश में शांति, एकता, उन्नति और नेतृत्वकर्ताओं के लिए विशेष प्रार्थना की। वहीं, इस जुलूस में पादरी, सेवकगण, चर्च समितियों, युवा सभा, महिला सभा, संडे स्कूल के बच्चे, विभिन्न कॉलोनियों के पदाधिकारी और प्रतिष्ठित अतिथि शामिल हुए। कर्नाटक भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एसएन राजू विशेष अतिथि के रूप में आयोजन का हिस्सा बने। जुलूस के बाद जॉनसन मसीह परिवार द्वारा स्व. कमलावती की स्मृति में छाछ और फ्रूटी का वितरण किया गया। विनोबा भावेनगर एवं अशीष वाघे की ओर से भी ठंडे पेय का वितरण किया गया। भोजन, चिकित्सा सेवा की भी समुचित व्यवस्था गई थी।

### उदयपुर से नारायण सेवा संस्था के साथ डाक्टर्स ने निशुल्क शिविर में 9 घंटे जांची रिपोर्ट, ली माप

# 612 दिव्यांगों की उम्मीद की किरण बने डॉक्टर्स ने लिया अंगों का मेजरमेंट, ऑपरेशन के लिए 56 का चयन

'हादसों में हाथ-पैर गंवाने से उलाहना का दंश झेलने वाले प्रदेश के 612 दिव्यांग बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों में उत्साह देखने को मिला। इनके लिए उम्मीद की किरण बनकर उदयपुर से डाक्टर्स की टीम व मेजरमेंट एक्सपर्ट्स के साथ आए नारायण सेवा संस्था के वालेंटियर्स ने सुबह 8 से शाम 5 बजे के बीच लगातार 9 घंटे निःशुल्क शिविर में सहयोग दिया। इस बीच 56 ऐसे भी दिव्यांग रिपोर्ट जांच में पाए गए, जिनका अब संस्था के द्वारा निःशुल्क ऑपरेशन का दायित्व भी निभाया जाएगा। संस्था द्वारा रायपुर में दूसरी बार कैम्प लगाया गया।



**रायपुर।** एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी में निःशुल्क ऑपरेशन जांच-चयन, नारायण लिम्ब व केलिपर्स माप केम्प का हिस्सा बनने के लिए प्रदेशभर से दिव्यांगों को लेकर परिजन पहुंचे थे। इसके चलते दिनभर रजिस्ट्रेशन कराने वाले दिव्यांगों का मेला लगा रहा। इस शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री टंकराम वर्मा और मेयर मीनल चौबे, विधायक मोतीलाल साहू, सीजीएमएससी के अध्यक्ष दीपक मस्के ने किया। इस अवसर पर बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, निशक्तजन एवं वित्त विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया मंचस्थ रहे। मुख्य अतिथि वर्मा ने कहा, मैं संस्थान की सेवा देखकर अभिभूत हूं। प्रदेश के दिव्यांगों की मदद के लिए आगे आने के लिए संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल और टीम का अभिनंदन करता हूं। दिव्यांगों के हितार्थ नारायण सेवा संस्थान को हरसंभव मदद देने का आश्वासन उन्होंने दिया।





### तीन महीने बाद चल सकेंगे दिव्यांग

शिविर प्रभारी हरि प्रसाद लडा, मीडिया प्रभारी भगवान प्रसाद गौड़ और देवेन्द्र गुप्ता ने बताया कि शिविर में कॉस्टिंग और मेजरमेंट के लिए चयनित दिव्यांगों को करीब तीन महीने बाद नारायण लिम्ब लगाने के लिए फिर से रायपुर में शिविर लगाएंगे। संस्थान द्वारा निर्मित नारायण लिम्ब गुणवत्ता युक्त और वजन में हल्के हैं। उपयोग में टिकाऊ होने के साथ सभी रोगियों को चलने में आसानी होगी। निःशुल्क शिविर में भोजन, चाय, स्वल्पाहार की सुविधा देने के लिए 40 मेंबर्स की टीम ने सेवाएं दी। इस आयोजन से लोगों को जोड़ने का दायित्व मंच संचालन करते हुए महिमा जैन ने निभाया।

### 395 को लगेंगे लिम्ब हाथ और पैर

कैम्प में सुबह 8 से शाम 5 बजे के बीच 612 से अधिक दिव्यांग पहुंचे। इनमें बच्चे व युवा, वृद्ध और महिलाओं ने रिपोर्ट की जांच करवाई। निदेशक वंदना अग्रवाल ने बताया, संस्थान के डॉक्टर्स,पीएंडओ टीम ने सभी दिव्यांगों को देखा और 395 दिव्यांगों को नारायण लिम्ब हाथ और पैर लगाने के लिए सही पाया। इनमें 35 पीड़ितों को केलिपर्स लगाने के लिए उनका मेजरमेंट लिया गया। 56 दिव्यांगों का चयन शल्य चिकित्सा के लिए किया गया। इनके ऑपरेशन का खर्च संस्था द्वारा वहन किया जाएगा। जिनका चयन ऑपरेशन के लिए हुआ है, ऐसे रोगियों के परिजनों को ऑपरेशन के लिए उदयपुर बुलाया जाएगा।






### दिव्यांगों से मिले और की बातचीत

*विजिट के दौरान मंत्री वर्मा एवं अन्य मेहमानों ने पिछले शिविर के लाभार्थी दिव्यांगों और शिविर में भाग लेने आए पीड़ितों से बातचीत के बाद डॉक्टर की टीम से उनके उपचार और किस तरह से लाभ मिलेगा, इसकी प्रक्रिया जानी। वहीं, संस्थान की निदेशक वंदना अग्रवाल ने संस्थान की निःशुल्क सेवा, ऑपरेशन, नारायण लिम्ब लगाना, 5000 लोगों को रोज भोजन करना, आर्थिक रूप से असमर्थ 600 मजदूरों के बच्चों के लिए निःशुल्क नारायण चिल्ड्रन एकेडमी चलाने की जानकारी दी। दिव्यांगों को स्वरोजगार देने कंप्यूटर, मोबाइल, सिलाई, मेहंदी प्रशिक्षण और सामूहिक विवाह करके घर बसाने के प्रकल्प गिनाए।*

## ध्यान की गहराइयों में घंटियों की गूंज...







**रायपुर।** महंत घासीदास संग्रहालय में लगी प्रदर्शनी में जीवंत तस्वीरें लोगों को आकर्षित कर रही हैं, जिसमें एक तस्वीर में प्रकृति की गोद में बैठा साधक, मंदिर की देहरी पर लटकती घंटियों की दिव्य ध्वनि में लीन है। यह चित्र आस्था, शांति और आत्मचिंतन का प्रतीक को दर्शा रहा है, जहां रंगों की लहरें भावनाओं को छू रही हैं और हर घंटे की झंकार आत्मा के भीतर जागरण ला रही है।

# कीर्ति व्यास तीसरी बार बने श्री गुजराती ब्रह्म समाज के अध्यक्ष

## नवगठित कार्यकारिणी में 9 सदस्य निर्वाचित

**रायपुर।** श्री गुजराती ब्रह्म समाज की चुनावी आमसभा रविवार को संपन्न हुई, जिसमें वरिष्ठ सदस्यों और महिला मंडल की उपस्थिति रही। आमसभा में सर्वसम्मति से कीर्ति व्यास को आगामी तीन वर्षों के लिए पुनः अध्यक्ष चुना गया। यह उनकी तीसरी बार अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति है। चुनाव अधिकारी राकेश दवे ने श्री व्यास को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया।सभा में कार्यकारिणी के 9 सदस्यों के रूप में मुकेश पुरोहित, जयंत जोशी, राकेश जोशी, मनीष पंड्या, लोकेश व्यास, कौशिक व्यास, नीरज पुरोहित, ललित रावल एवं धर्मेन्द्र पंड्या को निर्वाचित किया गया।



### सक्रिय भागीदारी जरूरी है

अपनी नियुक्ति के बाद श्री कीर्ति व्यास ने पूर्व कार्यकारिणी और समाज के वरिष्ठजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए महिला, पुरुष और युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि आने वाले तीन वर्षों में दया भवन के द्वितीय तल का निर्माण कराया जाएगा, ताकि विवाह, धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन समाज को उपलब्ध कराया जा सके। श्री व्यास ने यह भी आश्वस्त किया कि नई कार्यकारिणी पूरी जिम्मेदारी के साथ समाजहित में कार्य करेगी। कार्यक्रम में सकारात्मक ऊर्जा और समाज की एकजुटता का उत्साहजनक माहौल देखने को मिला।

# हनुमान भक्तों ने की पूजा, भोग प्रसादी के लिए भंडारा



**रायपुर।** हनुमान भक्तों ने जोरा में श्री शिव संकट मोचन मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। इस अनुष्ठान में जोरा सहित आस-पास के श्रद्धालु शामिल हुए और सामूहिक पाठ भी किया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समिति के लोगों ने हनुमानजी को लड्डुओं का विशेष भोग अर्पित किया। उत्सव के चलते भक्तिमय माहौल रहा।

### जयघोष के साथ निकली शोभायात्रा

बिरगांव में हनुमान की भव्य शोभायात्रा और झांकी निकाली गई। धर्म प्रचार समिति के साथ शोभायात्रा में युवाओं की टीम धर्म ध्वजा को आगे बढ़ाने का काम किया। इसमें सरला कमल देवांगन, समिति के भीखम देवांगन शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरला कमल देवांगन ने कहा कि आज के युवा धर्म की ध्वजा को आगे बढ़ा रहे हैं, यह सकारात्मक पहल है। इसके बाद भोग प्रसादी के लिए भंडारा भी किया गया।





### भक्तों के लिए किया गया भंडारा

श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्याम नगर स्थित संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर में शाम 7 बजे भव्य आरती के बाद विशाल भंडारा किया गया। इसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। इस समिति के अध्यक्ष दीपक भारद्वाज (पोल्ले) ने बताया कि सिद्ध मंदिर में ऐसे ही कई भव्य आयोजन होते आ रहे हैं। इसमें पार्षद संतोष सीमा साहू, गुरमीत सिंह, एससी झा, व्यास देव भोई, धीरज जोधनी प्रमुख रूप से शामिल हुए।

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
ADMISSION OPEN
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
NURSERY TO 12TH
(Biology, Maths, Commerce)
Admission Enquiry
HIGHLIGHT
Strong Academic Foundation & Personalized Attention
- Spoken English & Personality Development
- Safe & Reliable Transport with Surveillance
- Weekly Activity-Based Learning & Skill Development
- Monthly Seminars & Interactive Discussions
- Scholarships for Meritorious Students (90% & Above from Other Schools)
Register Now at www.mesraipur.com
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 0771-4000123, 93296-21221

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio Arts)
Activity-Based Learning for Pre-Primary
- Creative Classrooms & Play-Based Education
- Sports, Arts & Music for Holistic Growth
- Safe & Nurturing Environment
- Interactive Events & Competitions
- Safe & Reliable Transport with Surveillance
ADMISSION ENQUIRY
Register Now at www.rpsraipur.com
ADMISSION OPEN
NURSERY TO 12TH
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur (C.G.) Mo : 95890-85558, 93296-21221, Email : rpsraipur123@gmail.com

Contact to Add Your School - 79871-19756

## सिटी स्पोर्ट्स

### राजकुमार कॉलेज 24 रनों से जीत हासिल कर फायनल में



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के तत्वावधान में रायपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मेंस अंडर-16 इंटर स्कूल क्रिकेट टुर्नामेंट-2025 का आयोजन 05 अप्रैल से 15 अप्रैल तक किया जा रहा है। रविवार 13 अप्रैल को प्रतियोगिता का तीसरे चरण का दूसरा मैच छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल विरुद्ध राजकुमार कॉलेज के मध्य आर.डी.सी.ए. मैदान, रायपुर में खेला गया। राजकुमार कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। राजकुमार कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 25 ओवरों में 9 विकेट खोकर 154 रनो का स्कोर बनाया। राजकुमार कॉलेज की ओर से अंशुल वाधवानी ने सर्वाधिक 28 रन तथा कार्तिक मित्तल ने 29 रनों का योगदान दिया। वहीं छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल की ओर से आशीष, मुदुल तथा पार्थ ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। 155 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल 25 ओवरों में 7 विकेट खोकर 130 रन ही बना सकी। छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल की ओर से आयुष प्रताप सिंह ने 60 रन तथा आशीष श्रीवास्तव ने 25 रनों की पारी खेली। राजकुमार कॉलेज की ओर से आर्यन ने 3 विकेट तथा अपूर्व देवांगन ने 2 विकेट प्राप्त किये। राजकुमार कॉलेज ने मैच 24 रनों से जीत लिया। आर्यन प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किये गये। 14 अप्रैल सोमवार को तीसरे चरण का तीसरा मैच छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल एवं आदर्श विद्यालय, मोवा के मध्य खेला जाएगा।

### मिताली चुनीं गईं भारतीय बेसबॉल महासंघ की महासचिव



**रायपुर।** भारतीय बेसबॉल महासंघ (ए.बी.एफ.आई) का चुनाव 12 अप्रैल को भुवनेश्वर के होटल रोजवुड में संपन्न हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ की महासचिव मिताली घोष भारतीय बेसबॉल महासंघ की महासचिव चुनी गयी है। इस चुनाव में भुवनेश्वर के पंकज लोचन मोहंती अध्यक्ष एवं हैदराबाद की श्वेता कोषाध्यक्ष चुने गए। छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ की उपाध्यक्ष डॉ. कैरोलिना सतूर को भारतीय बेसबॉल महासंघ की एग्जीक्यूटिव मेंबर चुना गया। छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है कि भारतीय बेसबॉल महासंघ में दो महिला अधिकारी को नियुक्त किया गया है। चुनाव के दौरान भारत के बेसबॉल फाउंडर पी.सी. भारद्वाज भी उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ के अध्यक्ष शैलेश पांडे ने इस उपलब्धि पर सुश्री मिताली घोष एवं डॉ कैरोलिना सतूर को बधाई दी है। छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ के समस्त अधिकारी एवं बिलासपुर बेसबॉल संघ के कोच अख्तर खान, मुकेश कश्यप लखन लाल देवांगन, अंकुर रजक, संदीप शाहिरे, परिवेश दीवान, अविनाश केसरी योगेंद्र यादव, तरन्नुम खान, गीता यादव, प्राची शर्मा, नेहा यादव एवं समस्त खिलाड़ी ने बधाई दी है।

### यूथ नेशनल बास्केटबॉल में छत्तीसगढ़ प्री क्वार्टर फाइनल में किया क्वालीफाई



**रायपुर।** 40 वीं यूथ नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता पांडिचेरी में 09 से 16 अप्रैल तक जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की बालक व बालिका टीम भाग ले रही है। बालिका टीम ने हरियाणा को 83/63 से हराकर अपर पुल के लिए क्वालीफाई किया। प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला दिल्ली से खेला जाएगा। छत्तीसगढ़ ने पहले क्वार्टर में 20/16, दूसरे में 32/23 तीसरे में 58/50 एवं आखिरी क्वार्टर में टीम ने 83/63 जीत हासिल की। मैच में अंतरा राव ने 27, दिव्या ने 22 रूमी ने 15, श्रद्धा ने 9, सोफी 5, सुमी ने 5 अंक बनाए। छत्तीसगढ़ बालिका टीम ने इससे पहले अपने लीग मैच में उत्तराखंड को 74–32 के स्कोर से मेघालय को 91/21 से बिहार को 70/10 से पराजित किया था।

## डॉक्टर से जानें लू लगने के लक्षण, बचाव के घरेलू उपाय और जरूरी सावधानियां

# तेज गर्मी के बीच हीट स्ट्रोक से बचने बरतें सावधानी इस मौसम में जरा सी लापरवाही पड़ सकती है भारी

तेज गर्मी ने इन दिनों सभी को परेशान किया हुआ है। अप्रैल की शुरुआत में ही पारा 40 के पास पहुंच रहा है। तेज गर्मी के बीच, हीट स्ट्रोक से बचना जरूरी है। लू लगने के लक्षण क्या है, इससे बचाव करने में कौन-से घरेलू नुस्खे मदद कर सकते हैं, चलिए एक्सपर्ट से समझते हैं।

इन दिनों गर्मी तेजी से बढ़ती जा रही है और पारा रोज ऊपर की ओर बढ़ रहा है। अप्रैल की शुरुआत में ही गर्मी के मारे बुरा हाल हो चुका है और पारा भी कई जगह 40 के आस-पास पहुंच चुका है। ऐसे में मई-जून में गर्मी क्या रिकॉर्ड तोड़ेगी, इसे लेकर अभी से सभी के मन में चिंता के बादल छाए हुए हैं। तेज गर्मी का असर हमारी सेहत पर भी होता है।

तपिश वाले मौसम का असर, शरीर के हर अंग पर होता है और ऐसे में अपना खास ख्याल रखना जरूरी हो जाता है। गर्मी के महीनों में हीट स्ट्रोक से बचना बहुत जरूरी हो जाता है। हीट स्ट्रोक क्या है, गर्मी के मौसम में इससे कैसे बचना चाहिए, लू लगने पर शरीर में क्या लक्षण नजर आते हैं और किन घरेलू नुस्खों से आप खुद को इससे बचा सकते है, चलिए इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं। इस बारे में डॉ. रंगा संतोष कुमार कंसल्टेंट जनरल फिजिशियन जानकारी दे रहे हैं।



### हीट स्ट्रोक के क्या लक्षण होते है?

गर्मियों के मौसम में अधिक तापमान, सेहत के लिए खतरा बन जाता है। ऐसे में हीट स्ट्रोक से बचना बहुत जरूरी है। जब शरीर बहुत अधिक गर्म हो जाता है और खुद को ठंडा नहीं कर पाता है, तो हीट स्ट्रोक होता है। ऐसा हाई टेम्परेचर में बहुत अधिक समय तक रहने या अधिक एक्सरसाइज के कारण होता है। इसके लक्षणों को समय पर पहचानकर, तुरंत इलाज करने से खतरे को कम किया जा सकता है। लू लगने पर स्किन लाल हो जाती है, दिल की धड़कन तेज हो जाती है, सिर में दर्द होता है, उल्टी महसूस होती है, मांसपेशियों में दर्द होता है और पसीना अधिक आता है। हीट स्ट्रोक की वजह से कई बार काम करने में और किसी चीज पर ध्यान देने में भी मुश्किल होती है। इसकी वजह से बेहोशी भी आ सकती है।



### हीट स्ट्रोक से बचने के लिए क्या करें?

हीट स्ट्रोक से बचने के लिए खुद को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी है। दिन भर अधिक से अधिक पानी पिएं। शुगर वाली ड्रिंक्स, कॉफी और एल्कोहल से दूर रहें। इनसे डिहाइड्रेशन हो सकता है। अगर आप कोई फिजिकल एक्टिविटी कर रहे हैं, तो इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर ड्रिंक्स जरूर लें। हवादार, हल्के रंग के और ढीले-ढाले कपड़े पहनें। इनसे शरीर ठंडा रहता है। वहीं, टाइट और गहरे रंग के कपड़े हीट को सोखते हैं और शरीर को गर्म रख सकते हैं। धूप में अधिक समय न बिताएं। दिन में



आउटडोर फिजिकल एक्टिविटी न करें। फिजिकल एक्टिविटी सुबह या शाम के वक्त करें। बाहर निकलते वक्त खुद को यूवी रेज से प्रोटेक्ट करने के लिए, टोपी और चश्मे पहनें। सनस्क्रीन भी जरूर लगाएं। दिन में 10 बजे से 4 बजे के बीच घर के अंदर ही रहें। इस समय पर गर्मी अधिक होती है। जब आप बाहर जाएं, तो पेड़ों या छाते की छाया में ही रहें और सीधा धूप के संपर्क में आने से बचें। बाहर काम या एक्सरसाइज करते वक्त खुद को एकसाथ ज्यादा न थकाएं और थोड़ी-थोड़ी देर में ब्रेक जरूर लें।



## गर्मियों में इम्यूनिटी पर नहीं आएगी कोई आंच, करें ये काम

गर्मियों में आप भी बार-बार बीमार पड़ने से बचना चाहते हैं, तो आप ये आसान उपायों को अपनाकर अपनी इम्यूनिटी मजबूत कर सकते हैं।

गर्मियों का मौसम अपने साथ, धूप, पसीना और लू लेकर आता है। इस मौसम में लोग बार-बार बीमार पड़ते हैं। ऐसे में जरूरी है कि इस मौसम में इम्यूनिटी मजबूत बनी रहे। अगर आप भी गर्मियों में ये 5 काम कर लेंगे, तो आप शरीर को एनर्जेटिक बनाए रखने के साथ-साथ इम्यूनिटी को बूस्ट कर लेंगे। हम आपको इस आर्टिकल में ऐसे 5 उपाय बताने जा रहे हैं, जिससे आपकी सेहत पर आंच नहीं आएगी। चलिए जानते हैं इस बारे में विस्तार से। दरअसल ये उपाय मेरा खुद का आजमाया हुआ है। गर्मियों में मैं खुद को हेल्दी रखने के लिए इन पांच बातों को जरूर फॉलो करती हूं।

गर्मियों में इम्यूनिटी को मजबूत कर सकते हैं ये उपाय

गर्मियों का मौसम पसीना निकालने वाला होता है, ऐसे में जितना हो सके आप लिक्विड डाइट लें, ताकि शरीर से जो वॉटर लॉस हो रहा है उसकी पूर्ति की जा सके। कम से कम 8 से 10 गिलास पानी पिएं। सौंफ धनिया सहित और भी कई तरह के मसाले हैं, जो शरीर को ठंडक देते हैं, इन्हें एक बार दिन में जरूर शामिल करें। आप नारियल पानी, बेल शरबत, गन्ने का जूस, नींबू पानी जैसे नेचुरल ड्रिंक का सेवन करें। छाछ को डाइट का हिस्सा बनाना बेहद फायदेमंद



हो सकता है। ये सभी चीजें इम्यूनिटी को मजबूत बनाती हैं।

गर्मियों का मौसम आते ही मार्केट में एक से बढ़कर एक फल नजर आते हैं। ऐसे में मौसमी फलों को प्राथमिकता दें।जैसे, खरबूज, तरबूज,खीरा ककड़ी, लीची, अंगूर वगैरह खाएं। यह मौसमी फल पानी से भरपूर होते हैं, और इनमें विटामिन सी होता है,जो इम्यूनिटी को मजबूती देता है।

तला भुना खाना सबको पसंद आता है लेकिन यह आपकी इम्यूनिटी पर प्रहार कर सकते हैं। ऐसे में गर्मियों में जितना इनसे दूरी बनाई जाए अच्छा है। इसकी जगह पर आप दलिया, मूंग दाल की खिचड़ी, लौकी, तोरई जैसी सब्जियों को डाइट का हिस्सा बनाएं। ये बेहद हल्के होते हैं। इनमें फाइबर और प्रोटीन होता है,जो पाचन को बढ़ावा देता है।

गर्मी के कारण नींद की दिक्कत सबसे ज्यादा होती है। दिन हो या रात, किसी वक्त भी चैन नहीं मिलता है। ऐसे में कोशिश करें कि आप हर हाल में 8 घंटे की नींद लें। कमरे का तापमान ठंडा रखें और स्क्रीन से दूरी बनाएं। इससे नींद अच्छी आती है। जब आप पूरी नींद लेंगे, तो इम्यून सिस्टम मजबूत होगा

और सबसे जरूरी है कि आप हाइजीन का ख्याल रखें। गर्मियों में धूल मिट्टी, पसीना बहुत ज्यादा होता है। ऐसे में हाथ धोने और रोजाना नहाने की आदत आपको वायरस और बैक्टीरिया से दूर रखती है।



## नेगेटिव एनर्जी को घर से दूर रखने मुख्य द्वार पर कर लें नमक का छोटा सा उपाय

वास्तु शास्त्र और ज्योतिष के अनुसार, किसी भी घर का मुख्य द्वार सकारात्मक या नकारात्मक ऊर्जा के प्रवेश का मुख्य स्रोत माना जाता है। यदि घर के मुख्य द्वार से नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह अधिक होता है, तो यह पारिवारिक शांति, आर्थिक स्थिति और सुख-समृद्धि पर बुरा असर डाल सकता है। कई बार लोग अनजाने में ऐसी ऊर्जा को आमंत्रित कर लेते हैं, जिससे घर में कलह, मानसिक अशांति और आर्थिक समस्याएं बढ़ने लगती हैं। इसे रोकने के लिए प्राचीन ग्रंथों में नमक के उपाय को अत्यधिक प्रभावशाली माना गया है। नमक न केवल भोजन का स्वाद बढ़ाने के लिए उपयोगी होता है, बल्कि यह एक शक्तिशाली ऊर्जा शुद्धिकरण तत्व भी होता है। इसे घर के मुख्य द्वार पर सही तरीके से रखने से नकारात्मक शक्तियां घर के भीतर प्रवेश नहीं कर पाती हैं और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है।



यदि आपके घर में बिना कारण तनाव, झगड़े, मानसिक तनाव या धन हानि जैसी समस्याएं हो रही हैं, तो यह छोटा सा नमक उपाय आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। इस लेख में हम जानेंगे कि मुख्य द्वार पर नमक का प्रयोग किस तरह करें ताकि घर में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे। आइए सेलेब्रिटी एस्ट्रोलॉजर प्रदुमन सूरी से जानें नमक के एक आसान उपाय के बारे में जिससे आपके घर के भीतर आने वाली नेगेटिव एनर्जी को रोक सकते हैं।

ऊर्जा के प्रवाह से आपके जीवन में क्या असर हो सकता है

वास्तु शास्त्र के अनुसार, किसी भी घर में प्रवेश करने वाली ऊर्जा उसके निवासियों के जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। मुख्य द्वार घर का ऐसा स्थान होता है, जहां से न केवल लोग, बल्कि ऊर्जा भी भीतर प्रवेश करती है। यदि यह ऊर्जा सकारात्मक होती है, तो घर में सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति बनी रहती है। घर के सदस्यों के बीच मधुर संबंध होते हैं, मानसिक तनाव कम होता है, और आर्थिक रूप से भी तरक्की के योग बनते हैं।

इसके विपरीत, यदि घर के मुख्य द्वार से नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश अधिक हो, तो यह कई प्रकार की समस्याओं को जन्म दे सकता है। परिवार के सदस्यों में अक्सर विवाद होने लगते हैं, मानसिक अशांति बढ़ जाती है और आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है। कई बार व्यक्ति कड़ी मेहनत करने के बावजूद धन संचित नहीं कर पाता या अनावश्यक खर्चों में फंस जाता है।

## गर्मियो में चुकंदर को इस तरह से करें डाइट में शामिल



गर्मियों में सेहतमंद रहना बेहद जरूरी हो जाता है। आप चुकंदर यानि बीटरूट को डाइट का हिस्सा बनाकर हाइड्रेशन के साथ ऊर्जावान रह सकते हैं। इससे शरीर को ताकत मिलती है। आप इन तीन तीरों से बीटरूट को डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

चुकंदर की तासीर ठंडी होती है और इसमें हाइड्रेटिंग गुण होते हैं, तो इसे सलाद के रूप में डाइट में शामिल करें। आप खीरा टमाटर के साथ चुकंदर को भी स्लाइस में काट लें। उसपर नींबू का रस,काला नमक डाल कर खाएं। यह न स्वादिष्ट लगेगा, बल्कि पाचन तंत्र को भी फायदा पहुंचाएगा।

### चुकंदर रायता

आप चुकंदर का रायता भी खा सकते हैं। चुकंदर और दही एक बेहतरीन संयोजन है। इसके लिए आप चुकंदर को कद्दूकस कर लें। इसमें दही मिलाएं। अब राई, हींग, करी पत्ते और सरसों के तेल में तड़का लगाकर चुकंदर वाले मिश्रण में डाल दें। इससे पेट को ठंडक भी मिलती है और हाजमा भी ठीक रहता है। इसे खाने से शरीर को ताकत भी मिलेगी, क्योंकि चुकंदर आयरन का बेहतरीन स्रोत है,जिससे खून बढ़ाने में मदद मिलती है।

### चुकंदर कंजी

आप चुकंदर की कंजी भी पी सकते हैं। यह गर्मियों में शरीर को हाइड्रेट रखने और ताजगी देने के लिए बेहतरीन विकल्प है। इससे स्किन को भी फायदा होता है। इसके लिए आप चुकंदर को पतले पतले आकार में काट लें। इसे एक कांच के बरतन में डाल दें। अब इसमें काला नमक डाल दें। गुनगुना पानी डालें। हींग और सरसो पीसकर डाल दें।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रूई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार
निराकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

शीतल का फंडा पूरा घर ठंडा
DUCK कूलर विन्डो कूलर
कूलर हाउस
गांधी चौक, रंग मंदिर, नया नगर निगम के पास, रायपुर
(रतन जैन) 9827129211, (आकाश जैन) 9826164650

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अकादमी की शताब्दी वर्ष के लिए बड़ी घोषणा, स्टंट भी शामिल



साल 2028 में ऑस्कर अकादमी अपने 100 वर्ष पूर्ण कर रहा है। इस अवसर पर अकादमी ने स्टंट कला को मान्यता देते हुए इसे आधिकारिक रूप से पुरस्कार देने का फैसला किया है। सिनेमा जगत के लिए यह बहुत बड़ा फैसला है। आइए जानते हैं इस पुरस्कार के नियम और कानून।

ऑस्कर फिल्म अकादमी ने गुरुवार को सिनेमाई सितारों को बहुत बड़ी खुशखबरी दी। अकादमी अब स्टंट कला के क्षेत्र में भी स्टंट डिजाइन पुरस्कार देगी। इसकी शुरुआत अकादमी के 100वें वर्ष समारोह के दौरान होगी। यह पुरस्कार उन फिल्मों को दिया जाएगा, जो साल 2027 में रिलीज होंगी। फिल्म अकादमी के प्रोडक्शन और तकनीकी शाखा में 100 से अधिक स्टंट कलाकार शामिल हैं। ब्रैड पट, डेविड लीच जैसे कलाकारों के लिए यह असली न्याय है, जिन्होंने बतौर स्टंट मैन के रूप में ख्याति प्राप्त की है।

सिनेमा के शुरुआती समय से ही फिल्मों में स्टंट कलाकारों का अमूल्य योगदान रहा है। ऑस्कर अकादमी के सीईओ बिल क्रेमर और अध्यक्ष जेनेट यंग ने संयुक्त रूप में कहा, 'हमें इन तकनीकी और रचनात्मक कलाकारों के शानदार काम का सम्मान करने पर गर्व है, और हम इस महत्वपूर्ण अवसर तक पहुंचने में उनके जुनून और समर्पण के लिए उन्हें बधाई देते हैं।' ऑस्कर अकादमी साल 2028 में अपने 100 वर्ष पूर्ण कर रहा है। इस अवसर पर एक शानदार समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश और दुनिया के लोग शिरकत करेंगे। इसे लेकर अकादमी कई बड़े ऐलान कर रहा है। इससे पहले अकादमी ने कास्टिंग में भी पुरस्कार देने की घोषणा की थीं।

### टॉलीवुड

## धनुष ने साइन की फिल्म 'डी 56' एक महान युद्ध की शुरुआत,जल्द आएगी 'इडली



साउथ अभिनेता धनुष अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। वहीं धनुष ने अपनी एक और फिल्म की घोषणा सोशल मीडिया पर की है, जिसका अस्थाई नाम डी 56 है। रांझणा फिल्म से हर दर्शक के दिलों में खास जगह बना चुके साउथ अभिनेता धनुष अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में उनकी फिल्म 'तेरे इश्क में' की एक झलक ने सभी फैंस को खुश कर दिया था। वहीं अब धनुष ने अपनी एक और आगामी फिल्म की घोषणा सोशल मीडिया पर की है, जिसकी एक झलक पाकर ही फैंस की उत्सुकता फिल्म को लेकर बढ़ गई है। धनुष ने अपनी आगामी फिल्म 'डी 56' के बारे में एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में कई साल पुरानी एक तलवार दिखाई दे रही है, जिसके ऊपर कंकाल की खोपड़ी लगी हुई है। यह देखने में बहुत ही भयानक दिख रहा है। इस तस्वीर के साथ लिखा है एक महान युद्ध की शुरुआत। यह फिल्म मारी सेल्वराज की फिल्म है। धनुष के फैंस को 'डी 56' का थीम पोस्टर काफी अच्छा लगा। एक यूजर ने लिखा, 'मुझे इस फिल्म का इंतजार रहेगा', एक और यूजर ने लिखा, 'ऑल द बेस्ट धनुष', एक और यूजर ने लिखा, 'देखने में मजेदार लग रहा है।'

'डी 56' के नाम से साफ है कि यह धनुष की 56वीं फिल्म होगी। इस फिल्म का निर्देशन मारी सेल्वराज करेंगे। निर्माताओं ने थीम पोस्टर जारी करके फैंस की उत्सुकता को बढ़ा दिया है। 'डी 56' एक ऐतिहासिक एक्शन ड्रामा फिल्म होगी। इस प्रोजेक्ट को वेल्स फिल्म इंटरनेशनल द्वारा बनाया जाएगा। 'डी 56' के अलावा धनुष फिल्म निर्माता शेखर कम्मुला निर्देशित फिल्म 'कुबेर' में नजर आएंगे। यह फिल्म जून 2025 में रिलीज होगी। वहीं इस साल धनुष की दो और फिल्में पाइपलाइन में हैं, जिनमें 'इडली कड़ाई' और 'तेरे इश्क में' शामिल हैं। 'तेरे इश्क में' में धनुष के साथ कृति सेनन नजर आएंगी।

### बॉलीवुड

## 'रेड 2' में अजय देवगन के साथ दिखेंगी छत्तीसगढ़ की बेटी श्रुति



छत्तीसगढ़ की बहुत सी प्रतिभाएं बॉलीवुड में अपने काम से अलग पहचान बना रही हैं। इसी कड़ी में रायपुर और भिलाई के एक साधारण परिवार से आने वाली श्रुति पांडे ने बॉलीवुड की चमकती दुनिया में कदम रखा है। श्रुति पांडे ने मुंबई की फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने के बाद कई साल तक छोटे किरदार निभाए, खूब मेहनत की और संघर्षों से सीखते हुए आज वह उस मुकाम पर पहुंच गई हैं, जहां हर कलाकार पहुंचने का सपना देखता है। हाल ही में अजय देवगन की महत्वाकांक्षी फिल्म 'रेड 2' का पोस्टर और टीजर रिलीज हुआ है, जिसमें श्रुति पांडे अजय देवगन के साथ एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आ रही हैं। फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म की पहले दिन की ओपनिंग लगभग 14-15 करोड़ रुपये तक की उम्मीद की जा रही है। यह श्रुति पांडे के करियर का अब तक का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है, जिससे वह न सिर्फ छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश में अपनी अलग पहचान बनाने जा रही हैं। हाल ही में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'स्त्री 2' के शुरुआती 60 सेकेंड के सीन में उनकी मौजूदगी ने उन्हें इंडस्ट्री में नई पहचान दिलाई और अब 'रेड 2' से उन्हें बड़ा प्लेटफॉर्म मिल गया है।




ग्रीष्मकालीन फैशन में आप बहुत ज्यादा स्टाइल की उम्मीद नहीं कर सकते। हालांकि मॉडल एंथनी उरबानो, नाथन मैक्कलम, मार्सेल फ्लोरस, क्रिश्चियन बेंडेक, और मोती अंकारी ने पिछले दिनों पेरिस फैशन शो में जो समर कलेक्शन पेश किया है, उसे इस साल का ट्रेंड माना जा रहा है। डिजाइनर कपड़ों के साथ ये मॉडल न सिर्फ रैम्प में दिखे बल्कि खिली हुई धूप में पेरिस की सड़कों पर भी नजर आए।

## हर लड़की की मेकअप किट में जरूर होने चाहिए कुछ खास लिपस्टिक शेड


कुछ लिपस्टिक शेड्स ऐसे होते हैं जिनका फैशन कभी भी आउट नहीं होता है। इनको आप कभी भी और किसी भी मौके पर लगा सकती हैं। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे ही लिपस्टिक शेड्स दिखाने जा रहे हैं, जो कि हर लड़की की मेकअप किट में जरूर होने चाहिए।

मेकअप करना हर लड़की को पसंद होता है। वहीं मेकअप करते हुए हमें सभी चीजों की ओर ध्यान देना होता है। तब जाकर हम खुद को सुंदर बना पाते हैं। एक महिला मेकअप करने के बाद अलग ही लुक में नजर आती है। ऐसे में कुछ चीजें ऐसी होती हैं, जिनको यदि आपने मेकअप के दौरान नहीं लगाया तो आपका फेस काफी फीका लगने लगता है। ऐसी ही एक चीज का नाम आज हम बताने जा रहे हैं।

मेकअप में लिपस्टिक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके बिना हमारा लुक कंप्लीट नहीं होता है। आप चाहे कितना भी मेकअप क्यों न कर लें जब तक आप एक बढ़िया सा लिपस्टिक शेड नहीं लगाती हैं तो फेस बहुत डल लगता है। फिर चाहे ऑफिस हो या पार्टी एक अच्छा लिपस्टिक शेड हमारे सुंदरता में चार-चांद लगा देता है। मार्केट में वैसे तो आज कई लिपस्टिक शेड्स आ रहे हैं, लेकिन कुछ शेड्स ऐसे होते हैं, जो कि एवरग्रीन होते हैं।

### ब्राउन लिपस्टिक शेड

ब्राउन एक ऐसा कलर हैं जिसको हर उम्र की महिला पसंद करती है। इसमें आपको लाइट से लेकर डार्क कई तरह के शेड्स मिल जाएंगे। जिनको आप अपनों चॉइस के हिसाब से ले सकती हैं। ऐसे में ब्राउन



लिपस्टिक शेड आप ऑफिस से लेकर कैजुअली और पार्टी में भी लगा सकती हैं। ब्राउन शेड शेड यंग गर्ल्स की पहली पसंद होता है। ऐसे में ब्राउन कलर अपनी किट में आप जरूर रखें।

### वाइन लिपस्टिक शेड

आजकल वाइन लिपस्टिक शेड काफी ट्रेंड में है। ऐसे में यदि आपकी स्किन टन ब्राइट है तो वाइन कलर का लिपस्टिक शेड जरूर ट्राई करें। नाइट और डे दोनों फंक्शन में यह आपको अट्रैक्टिव लुक देता है। यदि आपको यह शेड ज्यादा डार्क लगता है तो इसमें कोई लाइट कलर का शेड मिक्स करके इसे थोड़ा लाइट कर सकती हैं।

## सिंपल लुक में चाहिए ट्रेंडी टच, तो स्टाइल करें डिजाइनर कुर्तियां



कुर्ती कई सारे खास मौकों पर पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन है और कुर्ती में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और अलग नजर आता है। वहीं अगर आप सिंपल और सोबर लुक चाहती हैं तो आप इस तरह की कुर्ती स्टाइल कर सकती हैं।



कुर्ती सिंपल लुक पाने के लिए बेस्ट आप्शन है और ऐसा इसलिए क्योंकि जहां महिलाएं रॉयल लुक पाने के लिए सूट या साड़ी स्टाइल करना पसंद करती हैं तो, वहीं कुर्ती आप डेली वियर साथ ही ऑफिस या किसी पार्टी या फैमिली फंक्शन में स्टाइल कर सकती हैं। कुर्ती आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगी लेकिन, अगर आप सिंपल लुक चाहती हैं तो आप ये 5 तरह की डिजाइनर कुर्तियांस्टाइल कर सकती हैं। यह कुर्ती काफी ट्रेंड में है साथ ही, सिंपले आर सुदंर लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन है।



सिंपल लुक पाने के लिए आप इस तरह की चंदेरी प्रिंटेड कुर्ती स्टाइल कर सकती हैं। यह कुर्ती पफ और हाफ स्लीव्स में आती है और इस तरह की कुर्ती में आपका लुक सुंदर और स्टाइलिश नजर आएगा। इस तरह की कुर्ती आप ऑफिस जाने के दौरान स्टाइल कर सकती है और इसे आप 400 से 500 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस चंदेरी प्रिंटेड कुर्ती के साथ पर्ल वर्क वाले झुमके स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही, फुटवियर में आप हील्स पहन सकती हैं।


### फ्लोरल प्रिंट कुर्ती

फ्लोरल प्रिंट आउटफिट न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और अगर आप फ्लोरल प्रिंट कुछ पहनने का सोच रही हैं। तो, आप इस तरह की फ्लोरल प्रिंट कुर्ती स्टाइल कर सकती हैं। इस कुर्ती में आप ऑफिस या कहीं घूमने के दौरान स्टाइल कर सकती हैं और इस

## आसान स्टेप्स में घर पर करें गुलाब फेशियल , पाएं ग्लोइंग स्किन

टीवी और अखबार में रोज ही किसी नई क्रीम, फेस पैक और दूसरे ब्यूरटी प्रोडक्ट्स का विज्ञापन देखते हैं। इन्हें देखकर हमारे मन में भी बेदाग दमकती हुई त्वचा पाने का लालच आता है। मगर क्या वाकई बाजार में मिलने वाले केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स इतने प्रभावी होते हैं कि उन्हें लगाते ही चेहरे में ग्लो आ जाता है? नहीं यह केवल एक मिथ है। इनमें से कुछ अगर ऐसा होते भी हैं, जिन्हें लगाने के बाद चेहरे पर ग्लो आता है तो वो केमिकल बेस्ड ही होते हैं। ऐसे में आपकी त्वचा में क्षणिक चमक तो आ जाती है, मगर इसके साइड इफेक्ट्स भी कम नहीं होते हैं। ऐसे में आपको अगर चेहरे पर नेचुरल ग्लोच चाहिए तो आप गुलाब के फूल से कुछ आसान स्ट्रेप्स में फेशियल कर सकती हैं। फेशियल की प्रक्रिया का सबसे पहला स्टेच है चेहरे को गुलाब जल से साफ करें। यह गुलाब जल आप बाजार से भी खरीद सकती हैं और चाहें तो घर पर भी बना सकती हैं। इसे बनाने की प्रक्रिया बहुत ही आसान है-

**सामग्री:** 2 मुट्ठी गुलाब की पंखुड़ियां ,1 गिलास पानी, 1 बड़ा चम्मच नींबू का रस और 1 छोटा चम्मच ऑलिव ऑयल



**विधि:** वैसे तो आप 2 दिन तक गुलाब के फूल को पानी में डिप करके रखें और छान कर उसे एक स्प्रे बॉटल में डाल लें। इसे आप डायरेक्ट मुंह में लगा सकती हैं। मगर हम आपको एक स्पेंशल गुलाब जल के बारे में बता रहे हैं, जो आपके लिए एक बहुत अच्छी टोनर का काम करेगा। इसके लिए आपको एक गिलास पानी में 2 दिन तक गुलाब की पंखुड़ियों को डिप करके रखें और फिर उसके पानी को छान लें और फिर उसमें अन्य सामग्रियां मिलाएं। अब आप नींबू का रस, ऑलिव ऑयल आदि भी इस मिश्रण में डालें।

## साड़ी के साथ बालों में लगाएं मांग टीका, देखें सुंदर डिजाइंस

शादी का सीजन जारी है। ऐसे में हर किसी ने अपने लिए अलग-अलग डिजाइन के कपड़ों की शॉपिंग तो कर ही ली है। लेकिन ज्वेलरी भी अच्छे डिजाइन वाली चाहिए होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक अच्छा लगता है। कई सारे लोग मांग टीका अपने लहंगे के साथ लगाना पसंद करते हैं। लेकिन आप इसे चाहें तो साड़ी के साथ कैरी कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के मांग टीका को ट्राई कर सकती हैं।



### पर्ल डिजाइन वाला मांग टीका

आप अपनी साड़ी लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए आप पर्ल डजाइन वाले मांग टीका को लगा सकती हैं। इस तरह के मांग टीका लगने के बाद काफी अच्छे लगेंगे। इससे आपका लुक और भी ज्यादा अच्छा नजर आएगा। इसे आप अपने सेट के साथ मैचिंग करके भी अपने बालों में लगा सकती हैं। इससे आपका लुक काफी सुंदर दिखेगा। मार्केट में आपको ये सेट या सिंगल भी मिल जाएगा।

### राजस्थानी स्टाइल मांग टीका

राजस्थान में भी मांग टीका काफी शुभ माना जाता है। हर तीज-त्योहार पर इसे लगाया जाता है। आप भी इसे साड़ी के साथ लगा सकती हैं। इसे आप गोल्ड से लेकर आर्टिफिशियल डिजाइन में खरीदें। फिर इसे अपनी साड़ी के कलर से मैच करके बालों में लगाएं। इसे लगाने से आपका लुक और भी ज्यादा सुंदर लगेगा। साथ ही, आप अट्रैक्टिव नजर आएंगी।

### कार्नर न्यूज

### तपिश भरे मौसम में खुद को स्टाइलिश दिखाने अपनाएं जरूरी टिप्स

## गर्मियों में कूल रहने के लिए सिर्फ कपड़े ही नहीं और भी बातों का रखना होता है ध्यान, पसीने से भी होगा बचाव

गर्मी के मौसम में कूल दिखने और अच्छा महसूस करने के लिए हमेशा कॉटन के हल्के रंग के कपड़े पहनें। अगर आपको वर्क वाले आउटफिट्स पसंद हैं तो कढ़ाई के बजाय प्रिंटेड आउटफिट खरीद लें। गर्मी के मौसम ने दस्तक दे दी है। पंखे की हल्की ठंडक के बीच रजाई-कंबल के साथ ही स्वेटर-जैकेट भी फिर से पैक हो गए हैं। कुछ लोग हर मौसम में अपने वॉर्डरोब का मेकओवर करते हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं तो जानिए समर फैशन के बारे में। गर्मियों में हमेशा हल्के रंगों के कपड़े पहनें,इस मौसम में कॉटन फैब्रिक बेस्ट माना जाता है, अपने लुक को कैप और सनग्लासेस से कंप्लीट करें।



### समर फैशन में क्या है हिट

गर्मियों में ज्यादातर लोग कॉटन के कपड़े पहनना पसंद करते हैं। कॉटन यानी सूती कपड़े पहनने में हल्के होते हैं और पसीना भी कम आता है। गर्मी के मौसम में कूल रहने के लिए हमेशा सूती कपड़े ही पहनने चाहिए। ऑफिस जाने के लिए लड़के कॉटन की हाफ स्लीव शर्ट और टीशर्ट ले सकते हैं। आप चाहें तो अपने कलेक्शन में व्हाइट टीशर्ट भी रख सकते हैं। उसके ऊपर शर्ट पेयर कर आप बहुत स्टाइलिश लगेंगे।

### समर सीजन में कैसे पहनें कपड़े

सिर्फ कॉटन या समर फैशन के अनुकूल कपड़े खरीदने भर से आप कूल नहीं हो सकते हैं। अगर आप गर्मियों में वाकई ठंडक महसूस करना चाहते हैं तो आपको अपने कपड़ों को सही तरीके से पहनने का तरीका भी मालूम होना चाहिए।

### ढीले कपड़ों से मिलेगा आराम

गर्मी के मौसम में ढीले कपड़े पहनने चाहिए। कई लोग बहुत टाइट कपड़े पहन लेते हैं, जिसकी वजह से उनको काफी पसीना आता है। दरअसल टाइट कपड़ों से त्वचा कस जाती है, जिसके बाद पसीना और ज्यादा निकलने लगता है। साथ ही आर्मपिट्स और दूसरी जगहों की स्किन भी छिल जाती है। इसलिए गर्मी के सीजन में कभी भी टाइट कपड़े नहीं पहनने चाहिए। आप टी-शर्ट, शर्ट, जींस, ट्राउजर में से जो भी पहनते हों, उसे लूज ही रखें। इससे आप कंफर्टेबल महसूस करेंगे।

### गंजी पहनना है सबसे जरूरी

कई लोगों को बनियान/गंजी पहनने की आदत नहीं होती है। वे सीधे शर्ट या टी-शर्ट पहन लेते हैं। गर्मी के मौसम में लू से बचाव के लिए सूती की गंजी जरूर पहननी चाहिए। इससे आपके शरीर से निकलने वाला पसीना भी सूख जाएगा।

### हैवी वर्क वाले कपड़ों से हो जाएंगे परेशान

समर सीजन में फैब्रिक के साथ-साथ वर्क का भी ध्यान रखना जरूरी होता है। इस मौसम में हमेशा ऐसे कपड़े पहनें, जिन पर वर्क कम या न के बराबर हो। अगर आपको सादा कपड़े पहनना पसंद नहीं है तो बिना वर्क वाले प्रिंटेड आउटफिट्स खरीद लें। इस मौसम में कढ़ाई या किसी भी तरह के वर्क वाले आउटफिट बिल्कुल न पहनें।

### रंगों से भी पड़ता है फर्क

गर्मी के मौसम में ब्लैक, ब्राइट रेड, डार्क ब्राउन या दूसरे डार्क कलर सही नहीं माने जाते हैं। समर सीजन में व्हाइट, ग्रे, ऑलिव ग्रीन, स्काई ब्लू जैसे रंगों के कपड़े पहनें। ज्यादा गहरे रंग के कपड़े पहनने पर गर्मी का अहसास भी ज्यादा होगा।